15–लेखाकार/लेखा लिपिक से तात्पर्य शासन के आदेश के अनुक्रम निकाय में नियुक्त किये गये लेखाकार/लेखा लिपिक से है।

16–कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक/राजस्व निरीक्षक/लिपिक से तात्पर्य नगर पंचायत गोवर्धन में इन पदों पर कार्यरत कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक/राजस्व निरीक्षक/लिपिक से है।

17–अन्य बातों के रहते हुए अगर किसी शब्द की परिभाषा उपविधियों में प्रसारित नही है, तब उसका अर्थ नगरपालिका अधिनियम में दी गई परिभाषा से लिया जायेगा।

18–''नगर पंचायत सेवक'' से तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है जो नगर पंचायत से वेतन प्राप्त करता हो और उसकी सेवा में हो,

19–''ठेकेदार'' से तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है जिसने सीलबन्द निविदा देकर या सरेआम बोली लगाकर ठेके को वसूलने का नगर पंचायत से एक अधिकार प्राप्त किया हो।

वाणिज्य नियंत्रण एवं लाइसेन्स शुल्क उपनियमावली

संक्षिप्त शीर्ष नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति–

1–नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा की वाणिज्य नियंत्रण लाइसेन्स शुल्क उप नियमावली कहलायेगी जो गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

2–उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 में दिये गये प्रावधान तथा समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न शासनादेशों के प्रावधान इस नियमावली पर प्रभावी होंगे।

3–इस नियमावली के लागू होने के बाद निकाय द्वारा इसके सम्बन्ध में पूर्व में जारी समस्त उपनियमावली एवं आदेश निष्प्रभावी माने जायेंगे।

नियम व शर्तें–

क्र0सं0	विवरण	प्रस्तावित दरें
1	2	3
		रु0
1	होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 शैया	1,000.00 प्रतिवर्ष
2	तीन सितारा होटल	9,000.00 प्रतिवर्ष
3	पांच सितारा होटल	12,000.00 प्रतिवर्ष

1	2	3
		रु0
	नर्सिंग होम	
4	नर्सिंग होम (20 बेड तक)	2,000.00 प्रतिवर्ष
5	नर्सिंग होम (20 बेड से 50 बेड तक)	5,000.00 प्रतिवर्ष
6	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	4,000.00 प्रतिवर्ष
7	प्रसूति गृह (20 बेड से 50 बेड तक)	5,000.00 प्रतिवर्ष
8	प्राइवेट अस्पताल	5,000.00 प्रतिवर्ष
9	पैथालाजी सेन्टर	1,000.00 प्रतिवर्ष
10	एक्सरे/अलट्रा साउण्ड क्लीनिक	2,000.00 प्रतिवर्ष
11	डेन्टल क्लीनिक	4,000.00 प्रतिवर्ष
12	प्राइवेट क्लीनिक	3,000.00 प्रतिवर्ष
	परिवहन	
13	आटो रिक्शा (2 सीटर)	360.00 प्रतिवर्ष
14	आटो रिक्शा (7 सीटर)	720.00 प्रतिवर्ष
15	आटो रिक्शा (4 सीटर)	500.00 प्रतिवर्ष
16	मिनी बस	1,500.00 प्रतिवर्ष
17	बस	2,500.00 प्रतिवर्ष
18	तांगा	50.00 प्रतिवर्ष
19	रिक्शा किराये पर	150.00 प्रतिवर्ष
20	रिक्शा निजी चालित	75.00 प्रतिवर्ष
21	ठेला/ठेली	100.00 प्रतिवर्ष
22	हाथ ठेला	25.00 प्रतिवर्ष
23	बैलगाड़ी/भैंसा गाड़ी	150.00 प्रतिवर्ष
24	ट्राली	150.00 प्रतिवर्ष
	अन्य व्यवसाय	
25	फाइनेन्स कम्पनी/चिट फण्ड	6,000.00 प्रतिवर्ष
26	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	12,000.00 प्रतिवर्ष
27	बार/बीयर	6,000.00 प्रतिवर्ष
28	आइस फैक्ट्री	100.00 प्रतिवर्ष
	दुकान	
29	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	5,000.00 प्रतिवर्ष
30	देशी शराब की दुकान (प्रति दुकान)	6,000.00 प्रतिवर्ष
31	अंग्रेजी शराब/बीयर की दुकान (प्रति दुकान)	12,000.00 प्रतिवर्ष
	पशुपालन	
32	पालतू पशु प्रति पशु	10.00 प्रतिवर्ष
33	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	350.00 पशु प्रतिदिन
34	कांजी हाउस में बन्द जानवर प्रति खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि	10.00 प्रतिदिन
35	प्रति खुराकी बड़े जानवर (गाय, भैस, घोड़ा आदि)	25.00 प्रतिवर्ष

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा यह निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधि में दिये उपनियमों में किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर मु0 रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये) अर्थदण्ड दिया जायेगा जो किसी भी दशा में रु0 250.00 (दो सौ पचास रुपये) से कम न होगा। यदि अपराध निरन्तर करता रहा हो या करता मिलता है तो दोष सिद्ध होने के दिनांक से अंकन रु0 25.00 प्रतिदिन की दर से जुर्माना दण्डनीय होगा।

खैमचन्द शर्मा,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, गोवर्धन,
मथुरा।

भवन मानचित्र एवं भवन निर्माण उप नियमावली

संक्षिप्त शीर्ष नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति–

1–यह उप नियमावली नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा की भवन मानचित्र एवं भवन निर्माण सम्बन्धी उप नियमावली कहलायेगी जो गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

2–उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 में दिये गये प्रावधान तथा समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न शासनादेशों के प्रावधान इस नियमावली पर प्रभावी होंगे।

3–इस नियमावली के लागू होने के बाद निकाय द्वारा इसके सम्बन्ध में पूर्व में जारी समस्त उप नियमावली एवं आदेश निष्प्रभावी माने जायेंगे।

4–'भवन'' का तात्पर्य किसी मकान, उपग्रह, अस्तवज, झादक (शेड) झोपड़ी या अन्य बाड़ा या ढांचे से है, चाहे वह पक्की ईट, लकड़ी, मिटटी धातु या चाहे किसी भी अन्य पदार्थ से बना हो, चाहे उसका उपयोग मनुष्य के रहने के लिये अथवा किसी अन्य कार्य के लिए किया गया हो और उसके अन्तर्गत कोई बरामदा, चबूतरा, मकान की कुर्सी जीना, देहली दीवार जिसमें किसी उद्यान या कृषि भूमि जो किसी भवन से अनलग्न न हो की चारदीवारी से भिन्न किसी आहते की दीवार सम्मिलित है, किन्तु इसके अन्तर्गत कोई तम्बू या अन्य कोई परिवहनीय अस्थाई आश्रय स्थल नही है।

5–नक्शा नफीस/मानचित्रकार'' का अभिप्राय नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा के अनुज्ञा/लाइसेन्स प्राप्त मानचित्र/नक्शा से है,

6–व्यवसायिक निर्माण'' से तात्पर्य ऐसे निर्माण से है जो व्यापार, उद्योग या अन्य व्यवसायिक उपयोग हेतु निर्मित किया गया हों,

7–जनउपयोगी सेवा के निर्माण'' से तात्पर्य ऐसे निर्माण से जो कि जनकल्याण किये जाने से होगा, जिसमें वृद्धाश्रम व गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले व्यक्तियों के लिए निर्मित आवास से है,

8–शासकीय सम्पत्ति'' से तात्पर्य उस सम्पत्ति से है जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश शासन अथवा केन्द्र सरकार के द्वारा अपने धन से नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा की सीमा में किया गया हो जिसमें अस्पताल, थाना व अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय आदि के भवन से है,

9–''निवास गृह'' से तात्पर्य ऐसे भवनों से है, जिसका उपयोग तीर्थयात्रियों को ठहरने के लिए अथवा यात्रियों के आवास के लिए निर्मित हो, से है।

नियम व शर्तें

1–आवासीय भवन निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्रफल पर 1–प्रथम 100 वर्ग मीटर तक 10 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से, 101–200 वर्ग मीटर तक 12 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा 200 वर्ग मीटर से उपर प्रत्येक वर्ग मीटर पर 15 रुपये शुल्क देय होगा तथा बेसमेन्ट बनाने का शुल्क 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से देय होगा।

2–व्यवसायिक भवन निर्माण दुकानों, व्यापारिक, गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हाल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक काम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि उपरोक्त प्रकार के भवन के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक

मंजिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर प्रथम 100 वर्ग मीटर पर 15 रुपये प्रतिवर्ग मीटर, 101 वर्ग मीटर या इससे अधिक पर 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से शुल्क देय होगा तथा बेसमेन्ट बनाने का शुल्क 30 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से देय होगा।

3–औद्योगिक भवन के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक हेतु प्रत्येक मंजिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर 50 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से देय शुल्क होगा।

4–शैक्षिक, धार्मिक तथा धर्मार्थ एवं जनउपयोगी सेवा के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मंजिल, के आच्छादित क्षेत्रफल पर 12 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा बेसमेन्ट 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से देय होगा–

(क) भूतल सहित तीन मंजिला अथवा 12 मीटर से अधिक ऊंचाई के समस्त भवन/मंजिल,तल अथवा बहुमंजिल भवन, भूकम्परोधी तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्मित किये जायेंगे।

(ख) निर्मित किये जाने वाले भवनों में 101-200 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल के भू-खण्ड पर भवन निर्माण करते समय जल संचयन हेतु सोकपिट का निर्माण कराना अनिवार्य होगा, 201-300 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल के भू-खण्ड पर भवन निर्माण करते समय क्षेत्रफल सम्पूर्ण क्षेत्रफल का दस प्रतिशत भाग कंकरीट रहित कच्चा छोड़ना होगा तथा 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन निर्माण करने के लिए छत वर्षा जल संचयन प्रणाली/रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली सिस्टम बनाना अनिवार्य होगा।

(ग) वह व्यक्ति जिसके स्वामित्व/प्रबन्धन या नियंत्रण में कोई बाजार, स्कूल, थियेटर, सिनेमा, सार्वजनिक अभिगम आदि या औद्योगिक भवन (फैक्ट्री आदि) हो, उनमें संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (2) की धारा 268 के अन्तर्गत पर्याप्त शौचालयों और मूत्रालयों की उचित व्यवस्था और दैनिक सफाई सुनिश्चित कराना अनिवार्य होगा।

(घ) ऐसे समस्त भवनों जिनके लिए अग्निशमन विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र अपेक्षित हो, उनके निर्माण पूर्व होने के उपरान्त अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा करने में विफल रहने पर स्वीकृत मानचित्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

(ङ) पूर्व से निर्मित/स्थापित धार्मिक भवन उदाहरणार्थ मन्दिर, गुरूद्वारा एवं गिरजाघर आदि से 200 मीटर उर्द्धव्यास क्षेत्र में किसी नये धार्मिक भवन का निर्माण नही किया जायेगा। परन्तु उपयोग दूरी के सापेक्ष यदि शासन द्वारा कोई दूरी निर्धारित की जाती है तो वह मान्य होगी।

(च) उपरोक्त धार्मिक भवन निर्माण की स्वीकृति से पूर्व शासन/प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होगी।

5–स्वीकृति की अवधि–

(क) पुनः वैधीकरण/स्वीकृत उस समय प्रचलित नियमों के अनुसार एक बार में केवल एक वर्ष के लिये होगा जिसके लिये प्रथम स्वीकृति शुल्क की 1/2 भाग धनराशि देय होगी। इसके उपरान्त पुनः वैधीकरण/स्वीकृति नही दी जायेगी तथा पुनः नोटिस दिया जायेगा।

(ख) यदि भवन स्वामी उपनियम 5 (क) के अनुसार अवधि बीतने से पूर्व स्वीकृति को पुनः वैध नही कराता है, तो अवधि दिनांक से तीन माह तक पुनः वैधीकरण शुल्क के साथ रु0 50.00 प्रतिमाह विलम्ब शुल्क देय होगा तभी आवेदन-पत्र पर विचार किया जा सकेगा। इसके उपरान्त पुनः वैधीकरण शुल्क विलम्ब शुल्क सहित सामान्य दर पर जुर्माना अदा करने पर ही आवेदन-पत्र पर विचार किया जायेगा।

(ग) भवन मानचित्र स्वीकृति की अवधि के दिनांक से एक वर्ष की अवधि हेतु पुनः वैधीकरण प्रभावी होगा।

6–नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत मानचित्र के संशोधन के आवेदन पर पूर्व शुल्क की राशि का 1/2 देय होगा।

7–प्रत्येक प्रकार की चारदीवारी के लिए प्रथम 100 वर्ग मीटर के लिए रु0 1,000.00 तथा प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्ग मीटर या उसके भाग पर रु0 50 की दर से शुल्क देय होगा।

8–संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (2) की धारा 121-क द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन नियत दूरी नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर ऐसी शर्तों और परिसीमा के अधीन जो विहित की जाये, किसी भवन, मार्ग या नाली के निर्माण को नियंत्रित तथा विनियमित कर सकेगी।

9–उपरोक्त उपनियम/भवन निर्माण के सम्बन्ध में संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 में शासन द्वारा यदि कोई संशोधन किया जाता है अथवा शासनादेश निर्गत किया जाता है तो ऐसा संशोधन/शासनादेश इस भवन निर्माण उपनियम में यथासमय सम्मिलित/प्रभावी माना जायेगा।

10–नगर पंचायत की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत प्रत्येक प्रकार के निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा के द्वारा लाइसेन्स प्राप्त मानचित्रकार/नक्शा नफीस के द्वारा ही हस्ताक्षरित होगा।

11–**मानचित्रकार/नक्शा नफीस के सम्बन्ध में–**

(क) नगर पंचायत द्वारा एक मानचित्रकार/नक्शा नवीस प्रत्येक वर्ष मानचित्र निर्माण हेतु रखा जायेगा। मानचित्रकार का लाइसेन्स प्रत्येक वित्तीय वर्ष से पूर्व माह फरवरी या मार्च में आगामी वर्ष के लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

(ख) मानचित्रकार के लाइसेन्स स्वीकृत होने के नियम व शर्तें नगर पंचायत कार्यालय द्वारा निर्धारित की जायेगी।

(ग) प्रत्येक मानचित्र को बनाने का शुल्क सौ वर्ग मीटर तक पाँच सौ रुपये प्रति मानचित्र तथा सौ वर्ग मीटर से अधिक आठ सौ रुपये प्रति मानचित्र पर देय होगा जिसका भुगतान आवेदनकर्ता द्वारा किया जायेगा, और शुल्क प्राप्ति की रसीद मानचित्रकार द्वारा आवेदनकर्ता को उपलब्ध कराया जायेगी, जिसकी सूचना मानचित्रकार नगर पंचायत कार्यालय को देगा।

(घ) मानचित्रकार का लाइसेन्स शुल्क दस हजार रुपये वार्षिक होगा।

(ङ) निकाय बोर्ड द्वारा दो तिहाई बहुमत से अथवा अधिशासी अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय/प्रभावी अधिकारी स्थानीय निकाय से स्वीकृति प्राप्त कर मानचित्र बनाने के शुल्क एवं मानचित्रकार के लाइसेन्स शुल्क में वृद्धि की जा सकती है। लेकिन इन शुल्कों में किसी भी स्थिति में कटौती/कमी नही की जा सकती है।

12–व्यवसायिक भवनों को अपने भवन में पार्किंग की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

13–नगर पंचायत की सीमा में किसी भी आवासीय/व्यवसायिक कालोनी का निर्माण बिना नगर पंचायत की स्वीकृति के नही होगा, तथा प्रत्येक कालोनी के मानचित्र की स्वीकृति के लिए कुल भूमि का रु0 2.00 प्रति वर्ग मीटर की दर से विकास शुल्क देय होगा तथा उक्त कालोनी के निर्माण की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा–

(क) कालोनी की सड़कें कम से कम 3 मीटर चौड़ी होंगी तथा मुख्य सड़क से एप्रोच रोड़ कम से कम 6 मीटर चौड़ी होगी।

(ख) कालोनी में नाली, पानी की निकासी आदि की व्यवस्था कालोनी स्वीकृत कराने वाले को करनी होगी।

(ग) कालोनी की सड़क पक्की करने की जिम्मेदारी भी कालोनी स्वीकृत कराने वाले की होगी।

(घ) कालोनी में पेड़ो आदि की व्यवस्था भी कालोनी स्वीकृत कराने वाले को करनी होगी।

(ङ) कालोनी में 15 प्रतिशत भूमि पर पार्क आदि का निर्माण करना होगा तथा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के केवल 65 प्रतिशत भाग पर ही भवनों का निर्माण किया जा सकेगा।

(च) यथा सम्भव सड़के समकोण पर मिलाई जायेगी।

(छ) कालोनी में जलपूर्ति के लिए पाइप लाइन व बिजली की व्यवस्था भी कालोनी स्वीकृत वाले को करनी होगी।

(ज) कालोनी स्वीकृत कराने वाले को कालोनी का पूर्ण निर्माण करने के पश्चात पूर्णतया प्रमाण-पत्र नगर पंचायत से प्राप्त करना अनिवार्य होगा तथा उसके पश्चात उक्त कालोनी नगर पंचायत के प्रबन्धन में हो जायेगी और कालोनी से गृहकर/जलकर आदि देय प्राप्त करने का अधिकार नगर पंचायत का होगा, तथा कालोनी में विभिन्न सुविधाओं एवं उसके रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होगी।

(झ) जहाँ पर निर्माण सम्बन्धित नियम स्पष्ट नही है वहाँ पर नेशनल विल्डिंग (एन0वी0सी0) के प्रावधान लागू होंगे।

14–किसी भी मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व भूमि के स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख एवं शपथ-पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा।

15–मानचित्र स्वीकृत होने के पश्चात् यदि भूमि का स्वामित्व किसी अन्य व्यक्ति/संस्था/सार्वजनिक पाई जाती है तो स्वीकृत मानचित्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

16–भवन निर्माण के सम्बन्ध में नगरपालिका अधिनियम में दिये गये प्रावधान एवं समय-समय पर जारी किये गये शासनादेश इस उपनियमावली पर प्रभावी होंगे।

17–भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति के उपरान्त भवन निर्माण करते समय नगर पंचायत कार्यालय द्वारा समय-समय पर उसका निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा और निरीक्षण के उपरान्त नगर पंचायत कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना भी अनिवार्य होगा।

18–मानचित्र स्वीकृति के बाद भवन निर्माण पूर्ण होने पर भवन स्वामी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से भवन निर्माण पूर्ण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

19–बोर्ड अपने दो तिहाई सदस्यों की स्वीकृति से अथवा अधिशासी अधिकारी जिलाधिकारी महोदय/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय की स्वीकृति से उपनियमावली के किसी भी धारा में परिवर्तित कर सकता है या कोई नई धारा जोड़ सकता है जो उपनियमावली पर प्रभावी समझी जायेगी, लेकिन उपनियमावली में वर्णित किसी भी शुल्क में कोई कमी नहीं की जा सकती है।

दण्ड

अगर कोई व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृत करवाये किसी भी प्रकार का निर्माण करता है, तब उस निर्माण को अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उस अवैध निर्माण को हटवाने का पूर्ण अधिकार नगर पंचायत को प्राप्त होगा, लेकिन प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा निर्माण अगर नियमानुसार निर्मित है तब वह व्यक्ति अपना मानचित्र लाइसेन्सधारी नक्शा नफीस से बनवाकर तथा उपविधियों में नियत शुल्क अदा करके अपना मानचित्र स्वीकृत करवाने के लिये नगर पंचायत में प्रस्तुत कर सकेगा और नगर पंचायत ऐसे मानचित्र को समझौता शुल्क रु0 500.00 लेकर निर्माण को नियमित कर सकेगा, लेकिन व्यवसायिक निर्माण के लिए समझौता शुल्क रु0 1,000.00 लिया जायेगा।

खैमचन्द शर्मा,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, गोवर्धन,
मथुरा।

बिल एवं विज्ञापन शुल्क उप नियमावली

संक्षिप्त शीर्ष नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति–

1–यह उपनियम नगर पंचायत गोवर्धन, मथुरा बिल एवं विज्ञापन शुल्क उप नियमावली कहलायेगी, जो नगर पंचायत नगर पंचायत गोवर्धन के अधिसूचित क्षेत्र एवं संक्रमित क्षेत्र में राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

2–नगर पंचायत के बोर्ड द्वारा दो तिहाई बहुमत से अथवा अधिशासी अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय की सहमति से इस नियमावली के नियम व शर्तों में परिवर्तन किया जा सकता है जो नियमावली पर प्रभावी होगा लेकिन नियमावली के प्रभाव क्षेत्र में कमी करने एवं शुल्क में कमी करने का कोई भी स्वीकृत प्रस्ताव/सहमति नियमावली पर प्रभावी नहीं होगा।

3–नियमावली के नियमों एवं शर्तों को क्रियान्वित कराने का दायित्व नगर पंचायत कार्यालय पर होगा।

4–उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 में दिये गये प्रावधान तथा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेश इस नियमावली पर प्रभावी होंगे।

5–इस नियमावली के लागू होने के बाद इसके सम्बन्ध में पूर्व में जारी समस्त उपनियमावली एवं आदेश निष्प्रभावी माने जायेंगे।

नियम व शर्तें–

1–नगर पंचायत की सीमा के अन्दर अथवा संक्रमित क्षेत्र में जो व्यक्ति अपनी कम्पनी फर्म अपने विज्ञापन के द्वारा अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने हेतु सार्वजनिक स्थानों पर ग्लोसाईन/साईन बोर्ड वाल पेन्टिग, बैनर,

कटआउट, विज्ञापन पर बोर्ड पोस्टर, हैण्ड बिल लगायेगा उसे नगर पंचायत से या नगर पंचायत द्वारा नामित ठेकेदार से अनुमति लेकर ही लगाना होगा और उसका भुगतान नगर पंचायत को सीधे अथवा ठेकेदार के माध्यम से निर्धारित शुल्क अदा करना होगा।

2–विज्ञापनदाता विज्ञापन का प्रचार-प्रसार ऐसे स्थानों को करेंगे ताकि कम्पनी, के प्रचार-प्रसार से मर्ज स्थान ऐतिहासिक स्थल की सूचना पर या अन्य किसी कम्पनी के प्रचार-प्रसार हेतु लगाये गये धारा (21) में प्रकाशित ग्लोसाईन आदि का विलुप्तिकरण न हो।

3–विज्ञापनदाता अपने आवेदन में एक सप्ताह पूर्व विज्ञापन का साइज, प्रकार आकार एवं समय सहित देगा तथा उपविधि में वर्णित शुल्क जमा करेगा।

4–विज्ञापन की अवधि समाप्त होने पर विज्ञापनदाता आवेदन करके विज्ञापन अवधि बढायेगा। यदि 30 दिन के अन्दर विज्ञापनदाता ऐसा नही करता है, जो उपनियम की धारा 2 में प्रकाशित ग्लोसाईन को नगर पंचायत या नगर पंचायत द्वारा नामित ठेकेदार जब्त कर लेगा।

5–ग्लोसाईन बोर्ड आदि केवल सरकारी तथा सार्वजनिक स्थानों पर ही लगाये जायेंगे। भले ही ये स्थान नगर पंचायत की सीमा के अन्दर किसी भी अन्य विभाग के हों।

6–नगर पंचायत प्रत्येक वर्ष के फरवरी, मार्च के माह में विज्ञापन शुल्क वसूली हेतु एक वर्ष के लिए ठेका उठांयेगी और ठेका सील बन्द निविदा/कुटेशन पर उठाया जायेगा।

7–ठेका प्राप्तकर्ता ठेकेदार को निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा तथा ठेके का समस्त धन एकमुश्त स्वीकृति के दिनांक के सात दिन के अन्दर जमा करना होगा।

8–विज्ञापन शुल्क सरह–(1) दुकानों के नाम के साथ-साथ या स्वतंत्र रूप से अन्य किसी चीज का ग्लोसाईन/साईन बोर्ड लगाकर लिए जा रहे विज्ञापन के रु0 50 प्रति फिट प्रति वर्ष की दर से विज्ञापन शुल्क की वसूली की जायेगी।

(2) वाल पेन्टिंग रु0 300 प्रति वर्ग फिट वार्षिक।

(3) बैनर 20 वर्ग फिट रु0 10.00 प्रतिदिन।

(4) साईन बोर्ड/ग्लोसाईन बोर्ड (केवल कम्पनियों के लिए) रु0 50.00 प्रति वर्ग फिट प्रति वर्ष।

(5) कटाउट विज्ञापन एक नग रु0 30.00 प्रति वर्ष।

(6) बोर्ड पोस्टर रु0 400.00 प्रति सैकड़ा प्रति बार।

(7) पोस्टर हेड बिल रु0 200.00

9–शुल्क मुक्त सूची–

1–दुकानों के सूचक, राजकीय एवं शासकीय तथा राष्ट्रीय पर्वों पर लगाये गये विज्ञापन बोर्ड विज्ञापन शुल्क से मुक्त होंगे।

दण्ड

दण्ड उपविधि का उल्लंघन उक्त नियम या उपविधि का भंग किया जाना जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये) तक हो सकेगा और जब भंग निरन्तर किया जाये तो अग्रेतर जुर्माना किया जा सकेगा, जो प्रथम दोषसिद्धि के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध हो। रु0 50.00 प्रतिदिन हो सकेगा।

खैमचन्द शर्मा,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत गोवर्धन,
मथुरा।

कार्यालय नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़

11 अक्टूबर, 2021 ई0

विविधकर (शुल्क) उपविधि

सं0 154/न0पं0सिढ़0/2021-22–उ0प्र0 नगरपालिका 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़ के सीमा हेतु विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019 प्रस्तावित करती हैं। उपरोक्त नियमावली के धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र "पंजाब केसरी" दिनाकं 27दिसम्बर, 2021 व "हिन्दुस्तान" दिनांक 29 दिसम्बर, 2020 में प्रकाशन इस आशय से किया गया कि जिस किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 21 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकते हैं, जिसका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा परन्तु 21 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति व सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।. प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का निस्तारण के पश्चात् उक्त प्रस्तावित विविध कर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019 उ0 प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

विविधकर (शुल्क) उपविधि 2019

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों से नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज में विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019 कहलायेगी जिसका विवरण निम्नानुसार है–

1–संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ–(1) यह उपविधि विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019 कहलायेगी।

(2) यह नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़ की सीमा में प्रवृत्त होगा।

(3) यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने से नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज़ में प्रवृत्त होगा।

2–परिभाषायें विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द अर्थ यह पढें–

(1) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(2) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़ से है।

(3) नगर पंचायत का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

(4) अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
विविधकर (शुल्क) की दरें–

(5) कर निर्धारण पंजिका नकल (शुल्क) रु0 200.00 (दो सौ रुपया) मात्र तत्काल रु0 300.00 (तीन सौ रुपया) मात्र प्रतिमाह देय होगा।

(6) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज में घरेलू जल उपभोक्ताओं से जल मूल्य रु0 50.00 (पचास रुपया) मात्र एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं से रु0 200.00 (दो सौ रुपया) मात्र प्रतिमाह तथा नये कनेक्शन लगवाने पर 1,000.00 रु0 (एक हजार रुपया) मात्र नवीन नल संयोजन के रुप में लिया जायेगा।

(7) कस्बा क्षेत्र के अन्दर आर0 ओ0 प्लांट व्यवसायिकों के लिये जो अपनी बोरिंग से आर0ओ0 प्लांट की व्यवस्था करते हैं। उनसे अनुमति शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र तथा जल सम्भरन शुल्क रु0 200.00 (दो सौ रुपया) मात्र प्रतिमाह लागू होगा।

(8) जलापूर्ति हेतु निकाय टैंकर उपयोग (शुल्क) (नगर पंचायत की सीमा मे बरात/तिलक कार्य हेतु) रु0 500.00 (पांच सौ रुपया) मात्र प्रति चक्कर नगर पंचायत की सीमा मे निर्माण कार्य हेतु रु0 500.00 (पांच सौ रुपया) मात्र प्रति चक्कर देय होगा।

(9) नाला/नाली या सार्वजनिक जगह पर गंदगी पर पैनाल्टी शुल्क रु0 100.00 मात्र प्रति प्रकरण तथा पुनरावृत्ति करने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 500.00 (पांच सौ रुपया) मात्र प्रतिप्रकरण देय होगा।

(10) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा में स्थित पेट्रोल पम्प पर व्यावसायिक शुल्क रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र वार्षिक लागू होगा।

(11) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा में व्यवसाय करने वाले गेस्ट हाउस/अतिथि गृह/रेस्टोरन्ट/बरात घर शुल्क रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(12) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा में व्यवसाय करने वाले ढावा/होटल पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(13) नगर पंचायत सीमा में स्थित राईसमिल पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(14) नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढ़त व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(15) नगर पंचायत सीमा में स्थित मोटरसाइकिल एजेंसी/कार एजेंसी/ट्रैक्टर एजेन्सी पर व्यावसायिक शुल्क रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(16) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़ की सीमा में व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1000.00 (एक हजार रुपया) मात्र वार्षिक, मध्यम वर्ग शुल्क रु0 3,000.00 (तीन हजार रुपया) मात्र तथा सभी बड़े दुकानदारों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पाँच हजार रुपया) मात्र वार्षिक व्यावसायिक शुल्क देय होगा।

(17) नगर पंचायत सीमा में चलने वाले ई-रिक्शा/ गाड़ी पर लाईसेंस शुल्क रु0 500.00 (पाँच सौ रुपया) मात्र वार्षिक व्यावसायिक शुल्क देय होगा।

(18) भैंस/गाय/सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवर को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 500.00 (पाँच सौ रुपया) मात्र प्रति प्रकरण प्रतिदिन देय होगा।

(19) नगर पंचायत सीमा में निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालय के टॉयलेट प्रयोक्ता से रु0 3.00 (तीन रुपया) मात्र प्रति व्यक्ति एवं बाथरुम प्रयोक्ता चार्ज रु0 5.00 (पाँच रुपया) प्रति व्यक्ति लिया जायेगा।

(20) नगर पंचायत सीमा में देशी भाराब/अंग्रेजी शराब/बियर ठेका का व्यावसायिक शुल्क रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(21) नगर पंचायत सीमा में मीट/मुर्गा की दुकान का व्यावसायिक शुल्क रु0 3,000.00 (तीन हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(22) नगर पंचायत सीमा में बस अड्डे का व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पाँच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(23) नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढत व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(24) नगर पंचायत सीमा में आयोजित नुमाइश/मेला आदि पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र पर शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(25) नगर पंचायत सीमा में स्थित नाला/नाली/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) और पुनरावृत्ति करने पर रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र देय होगा।

(26) छोटी बाउण्ड्रीयुक्त भूखण्ड या मकानों के मध्य खाली भूखण्ड पर पड़ोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेंकने को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भूखण्ड एवं छोटी बाउण्ड्रीवाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न करने पर पेंनाल्टी भाुल्क रु0 5000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र प्रति प्रकरण देय होगा।

(27) नगर पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रांसफार्मर पर शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार रुपया) मात्र प्रति ट्रांसफार्मर वार्षिक देय होगा।

(28) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज़ में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क रु0 15,000.00 (पन्द्रह हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(29) नगर पंचायत सीमा में आयोजित आरा मशीन/आइस फैक्ट्री/गाड़ी धुलाई केन्द्र आदि पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(30) नगर पंचायत सीमा में गलियों में बांधे गये जानवरों को पकड़े जाने पर शुल्क रु0 100.00 (एक सौ रुपया) मात्र प्रति प्रकरण और पुनरावृत्ति करने पर रु0 500.00 (पांच सौ रुपया) मात्र देय होगा।

(31) नगर पंचायत सीमा में स्थित डेरी/आटा चक्की पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

(32) नगर पंचायत सीमा में इमारत कर सूची में भवन नामान्तरण (दाखिल खारिज) शुल्क रु0 500.00 (पांच सौ रुपया) मात्र प्रति पीढ़ीप्रति प्ररिण देय होगा।

(33) नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत भवन/दुकान निर्माण आदि के लिये दिये जाने वाले की भूमि से संबधित अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिये निम्न दरें लागू होंगी–

[1] आवेदन शुल्क 100 वर्ग मी0 तक रु0 300.00 (तीन सौ रुपया) मात्र।

[2] आवेदन शुल्क अगले प्रत्येक 50 मी0 पर रु0 300.00 (तीन सौ रुपया) मात्र लागू होगा।

इसके अतिरिक्त अम्बार शुल्क रुपया मात्र प्रति वर्ग मी0 की दर से देय होगा। तथा शुद्धीकरण शुल्क रु0 20.00 (बीस रुपया) मात्र प्रति वर्ग मी0 के रुप में देय होगा।

इसके अतिरिक्त भवन निर्माण की अनुमानित लागत का 01 प्रतिशत लेवर से देय होगा।

(34) नगर पंचायत सीमा के अन्दर भवनों एवं अन्य स्थानों पर विज्ञापन/होर्डिंग/पोस्टर सूचना एवं कपड़े बैनर बॉल पेन्ट एवं साईन बॉर्ड पूनी पोलों पर शुल्क की दरें निम्नवत् होंगी–

क्रम सं0	आकार का विवरण	बोर्ड द्वारा स्वीकृत शुल्क की दरें		
		वार्षिक	मासिक	प्रतिदिन
1	2	3	4	5
		रु0	रु0	रु0
1	8 वर्ग मी0/होर्डिंग्स	4,000.00	600.00	30.00
2	4 वर्ग मी0/होर्डिंग्स2	2,000.00	300.00	20.00
3	2 वर्ग मी0/होर्डिंग्स	1,500.00	200.00	15.00
4	1 वर्ग मी0/होर्डिंग्स	1,000.00	100.00	10.00
5	कपडे का प्रति बैनर	500.00	200.00	50.00
6	कागज के छोटे पोस्टर	250.00	. .	. .
7	बॉल पेन्टर प्रति वर्ग	500.00	. .	. .
8	यूनी पोल/गेट एन्ट्री 8 वर्ग मी0	6,000.00	800.00	40.00
9	पेल क्रास	3,000.00	400.00	20.00

35–शहर/कस्बा स्वच्छ रखने के लिये डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, परिवहन तथा निस्तारण हेतु दरें निम्नवत् हैं–

(1) निम्न आय वर्ग (अन्त्योदय) रु0 10 (दस रुपया) प्रतिमाह

(2) मध्यम आय वर्ग रु0 20 (बीस रुपया) प्रतिमाह

(3) उच्च आय वर्ग रु0 50 (पचास रुपया) प्रतिमाह

(4) छोटे दुकानदार–चाय/खोमचे/पान/नास्ता की दुकान रु0 50.00 (पचास रुपया) मात्र प्रतिमाह

(5) होटल/रेस्तरां/धर्मशाला/निजी अस्पताल/निजी स्कूल रु0 100.00 (सौ रुपया) प्रतिमाह देय होगा।

37–उ0 प्र0 पथ विक्रेता जीविका संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत–

(1) नगर पंचायत सीमा में पथकर नियमावली के अनुसार 2 × 2 वर्ग मी0 भूमि में ढकेल आदि लगाने पर निम्न दरें लागू होंगी।

प्रतिदिन दरें	मासिक दरें	वार्षिक दरें
1	2	3
रु0	रु0	रु0
15.00 मात्र प्रतिदिन	400.00 मात्र मासिक	4,000 मात्र वार्षिक

38–(1) नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा के अन्तर्गत नगर पंचायत की दुकानें/भूखण्ड आदि के किराये का पुनः निर्धारण प्रति 05 वर्ष में किया जायेगा। जिन आवंटित दुकानों की समय सीमा उल्लेखित नहीं है। उनके किराये का निर्धारण भी प्रति पाँच वर्ष में किया जायेगा।

(2) नगर पंचायत की दुकान/भूखण्ड आदि का किरायानामा स्टाम्प अधिनियम के अनुसार रजिस्टर्ड कराना होगा।

दण्ड

यू0पी0 म्युनिसिपैलिटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज यह आदेश देती है कि इस नियमावली में किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र दण्ड किया जायेगा और यदि अपराध निरन्तर जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड लगाया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से यह सिद्ध हो जाने पर किसी अपराधी के द्वारा निरन्तर अपराध जारी रखने पर रुपये 100.00 (एक सौ रुपया) मात्र प्रतिदिन हो सकता है।

कंचन गुप्ता,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिढ़पुरा,
जनपद कासगंज

कार्यालय, नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज

11 अक्टूबर, 2021 ई0

सं0 82/न0पं0सिढ़/2019–नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज जनपद (कासगंज) अपनी सीमा के अन्तर्गत आने-जाने वाले ऐसे वाहनों पर जो व्यापारिक एवं व्यवसायिक प्रयोजन से निकाय क्षेत्र सीमा में अथवा निकाय अन्तर्गत स्थित स्टैण्ड/पार्किंग स्थलों पर ठहराव करते हों अथवा पार्किंग करते हों ऐसे वाहन जो निकाय सीमा में सवारियों को उतारते या चढ़ाते हों या विनियमित एवं नियंत्रण के उद्देश्य से शासनादेश सं0 3596/नौ-9-2001-9 जा/98 दिनांक 26 नवम्बर, 2001 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सं0 प्रा0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 व 299 (1) के अन्तर्गत उपविधि/नियमावली प्रकाशित की गयी थी निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। उपविधि का सरकारी गजट में प्रकाशन किया जाना है।

उपविधि

संक्षिप्त नाम–(क) यह उपविधि/नियमावली नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज की सीमा के अन्तर्गत वाहनों को विनियमित एवं नियंत्रण हेतु स्टैण्ड/ पार्किंग फीस नियमावली, 2008 कहलायेगी।

(ख) यह उपविधि/नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन होने की तिथि से लागू होगी।

2–**परिभाषायें**–विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली में–

(क) अधिनियम का तात्पर्य सं0 प्रा0 नगर पालिका अधिनियम 1916 (यू0पी0 अधिनियम संख्या 2, 1916) से है।

(ख) नगर पंचायत का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज जनपद से है।

(ग) फीस का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज में वर्णित मदों पर लगायी गयी फीस से है।

(घ) प्रकाशक/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी/प्रभारी अधिकारी/का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

(च) निरीक्षणकर्ता का तात्पर्य कर निरीक्षक या जिसे नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज अधिकृत करे।

3–नियमावली में दी गई तालिका में वर्णितम दों पर वर्णित एवं निर्धारित राशि की नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा में चालकों/परिचालकों/मालिकों द्वारा स्टैण्ड/पार्किंग स्थलों पर ठहरने तथा निकाय सीमान्तर्गत सवारियों को उतारने/चढ़ाने पर स्टैण्ड/पार्किंग फीस के रुप में धनराशि देनी होगी।

4–देय धनराशि की रसीद प्राप्त करनी होगी तथा अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दिखानी होगी।

5–वाहनों का तात्पर्य उन वाहनों से है जो नगर पंचायत की सीमा के अन्तर्गत स्टैण्ड/पार्किंग स्थलों अथवा किसी भी स्थान पर ठहरते हों अथवा सवारी उतारते चढ़ाते हों।

6–सीमा से तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमान्तर्गत सड़कों एवं पटरियों से है।

7–वाहनचालक/परिचालक/मालिको द्वारा तालिका में वर्णित मदों के अनुरुप महसूल अदा करना होगा।

8–नगर पंचायत स्टैण्ड/पार्किंग फीस/महसूल को अपने कर्मचारियों से अथवा ठेकेदार से वसूल करायेगी।इस महसूल को ठेका उठाने के लिये नगर पंचायत पूर्ण रुप से स्वतंत्र है।

तालिका

क्र0 सं0	विवरण	धनराशि
1	2	3
		रु0
1	**होटल रेस्टोरेन्ट–**	
	(1) होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 शैय्या तथा बारात घर	10,000.00
	(2) होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 11 शैय्या से 20 शैय्या तक	5,000.00
	(3) सामान्य होटल/ढाबा	1,000.00
2	**नर्सिंग होम–**	
	(1) नर्सिंग होम (20 बेड तक)	4,000.00
	(2) नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर)	5,000.00
	(3) प्रसूति गृह (20 बेड तक)	5,000.00
	(4) प्राइवेट अस्पताल	5,000.00
	(5) पैथोलोजी सेन्टर	5,000.00
	(6) एक्सरे क्लीनिक	2,000.00
	(7) डेन्टल क्लीनिक	1,500.00
	(8) प्राइवेट क्लीनिक	2,000.00
	(9) राईस मिल	500.00

1	2	3
		रु0
3	**परिवहन–**	
	(1) ट्रांसपोर्ट बिना वाहन के (एजेन्सी)	5,000.00
	(2) ट्रांसपोर्ट ट्रैक्टर एजेन्सी (वाहन सहित)	10,000.00
	(3) ऑटो रिक्शा (2 सीटर)	1,000.00
	(4) ऑटो रिक्शा (7 सीटर)	700.00
	(5) ऑटो रिक्शा (4 सीटर)	500.00
	(6) मिनी बस	1,500.00
	(7) बस	2,500.00
	(8) तांगा	100.00
	(9) रिक्शा किराये पर	200.00
	(10) रिक्शा निजी चालित	100.00
	(11) ठेला/ठेली	50.00
	(12) हाथठेला	50.00
	(13) बैलगाड़ी/भैंसा गाड़ी	200.00
	(14) ट्राली	300.00
	(15) अन्य चार पहियों के वाहन तथा व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन	500.00
	(16) मोटर गैरिज	200.00
	(17) नुमाइश/मेला इत्यादि	5,000.00
	(18) (मोटर वाहन ऐजेन्सी सेल्स सर्विस)	15,000.00
	(19) स्कूटर/मोटर साईकिल एजेन्सी (2 पहिया/3 पहिया)	10,000.00
	(20) साईकिल की दुकान	200.00
4	**पेट्रोलियम–**	
	(1) दुकान मिट्टी के तेल 100 गैलेन तक	100.00
	(2) मिट्टी के तेल की दुकान 100 गैलेन से अधिक	100.00
	(3) पेट्रोलपम्प/डीजल पम्प थ्रो ऑयल कम्पनी	15,000.00
	(4) पेट्रोलपम्प/ डीजल पम्प फुटकर	10,000.00
	(5) जनरेटर डीजल	1,000.00
	(6) दुकान अन्य पेट्रोलियम उत्पादन	1,000.00
5	**अन्य व्यवसाय–**	
	(1) धुलाई ग्रह (लाण्ड्री)	500.00
	(2) ड्राई क्लीनर	500.00
	(3) साबुन फैक्ट्री	3,000.00

1	2	3
		रु0
	(4) गुड़ गोदाम	1,000.00
	(5) कंकड़ तथा सुर्खी भट्टा	3,000.00
	(6) चूना	10,000.00
	(7) ईंट भट्टा	10,000.00
	(8) पेठा बनाने का कारखाना	5,000.00
	(9) जूता बनाने का कारखाना	2,000.00
	(10) लोहा व्यापारी, टिम्बर मर्चेन्ट, सीमेन्ट, ईंट बालू (थोक मोरम, बालू) मारबल, टाइल्स, हार्डवेयर	2,000.00
	(11) बिजली के सामान के विक्रेता	1,000.00
	(12) कपड़ा फुटकर एवं थोक व्यापारी	2,000.00
	(113) चाय के थोक विक्रेता	1,000.00
	(14) नट फैक्ट्री	2,000.00
	(15) खाल एवं बाल उतारने वालों पर	1,000.00
	(16) वेटरिंग	600.00
	(17) बेकरी	1,000.00
	(18) बेकरी (पावर)	1,500.00
	(19) हेयर कटिंग सैलून	500.00
	(20) मोबाइल टावर	10,000.00
	(21) कार, बाइक आदि धुलाई सेन्टर	2,000.00
	(22) ब्यूटी पार्लर	2,000.00
	(23) कुकिंग गैस ऐजेंसी	5,000.00
	(24) जनरल मर्चेंट (फुटकर एवं थोक)	500.00
	(25) कोयला थोक विक्रेता	2,000.00
	(26) कोयला फुटकर विक्रेता	1,000.00
	(27) मसाला/पान मसाला फैक्ट्री	2,000.00
	(28) पेन्ट की दुकान (रंग रोगन)	1,000.00
	(29) ज्वैलर्स (बड़े) 5 लाख टर्न ओवर	3,000.00
	(30) ज्वैलर्स (छोटे) 5 लाख टर्न ओवर तक	2,000.00
	(31) विज्ञापन ऐजेन्सी	1,000.00
	(32) डेरी फार्म	2,000.00
	(33) भूसा विक्रेता थोक	1,000.00
	(34) भूसा विक्रेता फुटकर	500.00
	(35) ऑडियो लाइब्रेरी	500.00
	(36) वीडियो लाइब्रेरी	500.00

1	2	3
		रु0
	(37) केबिल टी0वी0	2,000.00
	(38) आर्किटेक्ट कन्सलटेन्ट विधि एकाउन्टेन्ट कास्ट एकाउन्टेन्ट	4,000.00
	(39) फाइनेन्स कम्पनी चिटफण्ड	6,000.00
	(40) इंश्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	12,000.00
	(41) फाउन्डिंग कम्पनी/इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रियल	1,000.00
	(42) ढलाई भट्टी, खराद मशीन	1,000.00
	(43) पशु वध (छोटा)	1,000.00
	(44) पशु वध (बड़ा)	2,000.00
	(45) सब्जीगोदाम/फलगोदाम	1,000.00
	(46) हड्डी, खाल, सींग, चमड़ा आदि गोदाम	1,000.00
	(47) अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़, खांड सारी आदि फुटकर विक्रेता	1,000.00
	(48) बार/ बीयर	10,000.00
	(49) शीरा फैक्ट्री	5,000.00
	(50) टेन्ट हाउस	2,000.00
6	**दुकान**–	
	(1) पान/तम्बाकू की दुकान	500.00
	(2) चाय की दुकान	500.00
	(3) जनरल मर्चेन्ट की फुटकर दुकान/ किराना मर्चेन्ट	1,000.00
	(4) किताबों की थोक दुकान	1,000.00
	(5) किताबों की फुटकर दुकान	500.00
	(6) न्यूज पेपर विक्रेता	500.00
	(7) लकड़ी की टाल थोक विक्रेता	2,000.00
	(8) लकड़ी की टाल फुटकर विक्रेता	1,000.00
	(9) टिम्बर मर्चेन्ट	2,000.00
	(10) रेडियों मैकेनिक, टी0वी0 मरम्मत	500.00
	(11) टी0वी0 /मोबाइल /इलैक्ट्रोनिक/इन्वेटर, कार बैट्री आदि शॉप	2,000.00
	(12) फर्टिलाइजर (शॉप)	2,000.00
	(13) प्लास्टिक फैक्ट्री	3,000.00
	(14) प्लास्टिक ट्रेडर्स	4,000.00
	(15) मिठाई की दुकान	1,000.00
	(16) पानी बतासा की दुकान	500.00
	(17) ड्राईफ्रूट की दुकान	2,000.00
	(18) ड्राईफ्रूट फुटकर	1,000.00
	(19) गैस फिलिंग प्लान्ट	20,000.00

1	2	3
		रु0
	(20) गैस फिलिंग ऐजेन्सी	5,000.00
	(21) सब्जी की दुकान	500.00
	(22) बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	5,000.00
	(23) मसाले के थोक विक्रेता	1,000.00
	(24) मसाले के फुटार विक्रेता	500.00
	(25) पीतल एवं स्टील बर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के थोक विक्रेता	5,000.00
	(26) पीतल एवं स्टील बर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के फुटकर विक्रेता	2,000.00
	(27) देशी शराब की प्रति दुकान	10,000.00
	(28) अंग्रेजी शराब की प्रति दुकान	10,000.00
	(29) पशु वधशाला (स्लाटर हाउस)	5,000.00
	(30) भैंस, भैंसा (बड़ा) पशुमांस की दुकान	1,000.00
	(31) बकरा/बकरी (छोटा) पशुमांस की दुकान	3,000.00
	(32) फर्नीचर की दुकान (शोरुम)	2,000.00
	(33) फर्नीचर विक्रेता	1,000.00
	(34) क्राकरी विक्रेता	1,000.00
	(35) चूड़ी विक्रेता	500.00
	(36) जूता (चमड़ा, प्लास्टिक) विक्रेता	1,000.00
	(37) ग्लास फैक्ट्री/कांच से बनाने वाली समस्त फैक्ट्री	5,000.00
	(38) अंग्रेजी व आयुर्वेदिक दवा की दुकान फुटकर/थोक	1,000.00
	(39) रस्सी/बान/बांस बल्ली आदि की दुकान	500.00
	(40) अन्य सभी प्रकार की दुकान एवं प्रतिष्ठान	500.00
	(41) अन्य सभी प्रकार की फक्टरियाँ, स्पेलर सरसों आदि	2,000.00
7	**पशुपालन**–	
	(1) प्रति पशु (बड़ा)	50.00
	(2) प्रति पशु (छोटा)	20.00
	(3) कांजी हाउस उसमें बन्द जानवरों पर जुर्माना	500.00
	(क) छोटा जानवर	. .
	(ख) बड़ा जानवर	. .
	(4) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि	20.00
	(5) प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर गाय, भैंस, घोड़े आदि	50.00

विलम्ब शुल्क

सभी दुकानों व कारखानों पर प्रतिमाह रु0 10.00 (दस रुपया मात्र) विलम्ब शुल्क देय होगा।

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज यह आदेश देता है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकन रुपये 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक का जुर्माना किया जा सकता है। यदि उल्लंघन जारी रहे तो प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक से रु0 25.00 (पच्चीस रुपये मात्र) प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना किया जा सकता है और जुर्माना अदा न करने पर तीन मास तक का कारावस का दण्ड भी सक्षम न्यायालय द्वारा दिया जा सकता है।

उपरोक्त वाहन नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा के अन्तर्गत सवारी उतारते व चढ़ाते हैं तो सवारी भाड़े के वाहन चालक/परिचालक/मालिक को उपरोक्त दरों से महसूस देना होगा।

निम्नांकित वाहन महसूल से मुक्त होंगे–

1–सरकारी वाहन, शव वाहन, कृषि वाहन एवं रोडवेज बसें।

2–सरकारी कर्मचारी के स्थानान्तरण एवं उनका निजी घरेलू सामान जो किसी वाहन पर हो, महसूल से मुक्त होगा। किन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि उस व्यक्ति को सम्बन्धित विभाग का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

दण्ड

संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत यह आदेश देती है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंधन करने वालों पर रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) तक का जुर्माना किया जा सकता है। यदि उल्लंघन बराबर जारी रखा जाय तो अर्थदण्ड दिया जायेगा, जो अपराधी द्वारा प्रथम बार अपराध किये जाने की तिथि से रु0 25.00 (पच्चीस रुपया) प्रतिदिन के हिसाब से हो सकता है।

कंचन गुप्ता,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिढ़पुरा,
जनपद कासगंज।

कार्यालय, नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज

11 अक्टूबर, 2021 ई0

सं0 83/न0पं0सिढ़/2019–नगर पंचायत वि0/उपविधियाँ–संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज में दुकानों व अन्य लाइसेन्सिंग की नियमित एवं नियन्त्रित करने हेतु निम्नलिखित उपनियम बनाये हैं–

इस नियमावली के प्रकाशन द्वारा जनसाधारण की जानकारी व आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये गये है। यदि कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपविधि को सरकारी गजट में प्रकाशित कराया जाये।

उपविधि

1–संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति–(1) यह नियमावली नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमान्तर्गत वाणिज्य, नियंत्रण लाइसेंस व अन्य शुल्क उपनियमावली, 2008 कहलायेगी।

(ख) यह नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जावेगी।

2–परिभाषायें–विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली में–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य सं0प्रा0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 (यू0पी0 अधिनियम संख्या 2, 1916) से है।

(ख) ''नगर पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

(ग) ''शुल्क'' का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज द्वारा वर्णित मदों पर लगाये गये 'शुल्क से है

(घ) ''प्रभारी अधिकारी'' का तात्पर्य प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

(ड) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिढ़पुरा से है।

(च) ''निरीक्षणकर्ता'' से तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से है।

उपनियम

1–यह नियम नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।

2–नियमावली में निर्धारित दरें धनराशि शुल्क के रूप में कार्यालय, नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज में अदा करके लाइसैंस प्राप्त कर लिया जायेगा।

3–लाइसेंस शुल्क की अवधि प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी।

4–लाइसेंस शुल्क वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में देय होगी।

5–नियमावली तालिका में वर्णित मदों पर शुल्क लिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज को है।

6–नगर पंचायत सिढ़पुरा के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाइसेन्स का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश कर सकते हैं।

7–अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी सभी लाईसेंस निर्गत कर सकता है।

8–जो शुल्क इस तालिका में नहीं है, उन्हें सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेन्स शुल्क लिया जायेगा।

9–इस नियम के प्रभावी होते ही पूर्व से प्रभावी लाइसेन्स उपनियमावली की शुल्कों की दरें स्वतः ही निरस्त हो जायेंगी।

10–प्रत्येक व्यवसाय का लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा।

कंचन गुप्ता,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिढ़पुरा,
जनपद कासगंज।

कार्यालय, नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज

नक्शा स्वीकृति सिढ़पुरा

11 अक्टूबर, 2021 ई0

सं0 84/न0पं0सिढ़/2019–नगर पंचायत वि0/उपविधियाँ–संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज ने भवन निर्माण उपविधियाँ बनाई हैं, जो उत्तर प्रदेश शासन की स्वीकृति के बाद सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज की सीमा में लागू हो जावेगी।

इस नियमावली का प्रकाशन जन साधारण की जानकारी व आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु किया जाता है।

यदि किसी व्यक्ति पर इस नियमावली का प्रभाव पड़ता है या पड़ने की सम्भावना है तो वह अपनी आपत्ति एवं सुझाव अधोहस्ताक्षरी के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दे सकता है। मियाद समाप्त होने के बाद प्राप्त आपत्ति एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपविधि

परिभाषा–

1–नगर पंचायत का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

2–सीमा– नगर पंचायत की वह सीमायें जो शासन से स्वीकृत हों।

3–बोर्ड का तात्पर्य निर्वाचित नगर पंचायत बोर्ड से है।

4–अध्यक्ष नगर पंचायत– अध्यक्ष नगर पचायत का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज से है।

5–अधिशासी अधिकारी– का तात्पर्य नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से है।

6–अवर अभियन्ता– का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज के अवर अभियन्ता से है।

7–राजस्व लिपिक–का तात्पर्य नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज के राजस्व लिपिक से है।

भवन–भवन का तात्पर्य वह स्थान है, जो चारों ओर या किसी भी साइड से घिरा हुआ हो।

व्यवसायिक भवन–जिस भवन में किसी भी प्रकार का व्यवसाय होता हो।

गोदाम–जिस भवन में क्रय विक्रय के लिये किसी भी प्रकार का माल एकत्र किया जाता हो तथा रखा जाता हो।

रिहायशी भवन–जिस भवन में कोई परिवार रहता हो या परिवार के रहने के योग्य हो।

सामाजिक भवन–जो किसी भी सरकारी कार्यालय के रूप में अस्पताल, विश्राम गृह, स्कूल, पुस्तकालय, वाचनालय या अन्य किसी शासकीय प्रयोग में आता हो।

हॉल–भवन के अन्दर या बाहर वह बडा कमरा जो सामूहिक प्रयोग के लिये बनाया गया हो जिसकी लम्बाई 5×5 मी0 से कम न हो।

कमरा–भवन का वह कमरा होगा जो सोने बैठने व अन्य किसी प्रकार के कार्यों में प्रयोग होता हो जिसका माप कम से कम 4×3 मी0 होगा।

स्टोर–वह कमरा जिसमें गृहस्थी का सामान एकत्रित किया जाता हो जिनका नाप कम से कम 3×2 मी0 हो।

रसोई–जो केवल क्षमता खाना बनाने के प्रयोग में आता हो तथा उसका नाप 1.1/2 डेढ मी0 हो।

स्नानगृह–जो नहाने व कपड़े धोने के लिए प्रयोग किया जाता हो।

बरामदा–भवन का वह बाहरी भाग जो केवल प्लर पर छाया गया हो और आगे से बन्द न होता हो।

शौचालय–जो शौचालय के प्रयोग होता हो।

चक आवश्यक–इसके द्वारा मकानों के बीच का पानी सरकारी नाली में प्रवेश करता हो और दोनों नजदीकी मकानों की रोशनी की सुविधा हो चौड़ाई1(एक) मी0 हो।

वेन्टीलेटर–कमरा बन्द हो जाने के बाद जिसमें स्वच्छ हवा का प्रेशर होता रहे और जो दरवाजे की ऊंचाई से अलग लगा हो।

छज्जा–वह ऊपरी भाग जो धूप पानी रोकने के लिये छत से लेवल पर बाहर निकाला गया हो।

छजली–जो केवल खिड़की व दरवाजों पर ही ढ़काव के रूप में निकाली गयी हो, चौक का आंगन मकान का वह खुला भाग जो ढ़का न हो।

जंगला–जो लोहे की सरियों द्वारा बन्द हो तथा जिसके द्वारा निकासी न होती हो।

खिड़की–वह स्थान जिसके द्वारा दो कमरे मिल सकते हैं या हवा आदि के लिये मेन रास्ते पर भी खुलती हो।

मोरी–भवन का वह हिस्सा जिसके द्वारा धुलाई इत्यादि का पानी कमरे से बाहर निकलता हो या अन्य किसी प्रकार का पानी नाली में जाता हो।

फर्श–भवन का वह निचला भाग जो समतल हो।

छत–भवन का ऊपरी भाग जिससे कमरा इत्यादि छत के ऊपर में ढका हो चाहे वह टीन, लकडी, ईट, पत्थर, लिन्टर या अन्य किसी पदार्थ का बना हो।

अलमारी–कमरे का भाग जो दीवार में फिक्स किये जाने के बाद कोई सामान रखने के काम में आता हो।

गैठी–जो दीवार में आने को निकाली गई हो और नीचे का स्थान खाली हो।

वाटिका–भवन का वह खुला भाग जिसमें साग, सब्जी या फुलवारी लगाई जाती हो या उठने-बैठने के काम में प्रयोग किया जाता हो।

1–यह कि नगर पालिका, नगर पंचायत सिढ़पुरा जनपद कासगंज की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत की बिना पूर्व अनुमति के कोई भी भवन निर्माण न करायेगा, न अहाता, गैरेज या अन्य किसी भी प्रकार के भवन का रूप देगा।

2–नगर पंचायत सिढ़पुरा से स्वीकृति हेतु निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी।

(अ) स्वीकृति चाहने हेतु एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करेगा, जो कि रु0 100.00 के कोर्ट फीस के स्टाम्प पेपर पर होगा।

(ब) इस प्रार्थना-पत्र के नाम प्रार्थी को दो स्कैली मानचित्रों में भूमि का पूर्ण विवरण दिया जायेगा तथा यह भी दर्शाया जायेगा कि बनाने से पूर्व भूमि की क्या दशा है एवं भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

(स) प्रार्थी इस मानचित्र के साथ एक प्रमाण पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहां निर्माण कार्य कराना चाहता है उसकी अपनी है। उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

(द) प्रार्थना-पत्र में निर्माण का विवरण देते हुये यह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरबदल या ऊपरी भाग का पूर्व नवनिर्माण कराना चाहता है।

(य) जिस ड्राफ्टमैन से नक्शा बनवायेगा उसी से भवन की अनुमानित लागत का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा।

(र) नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होंगे और एक तीसरा नक्शा जो नगर पचायत में रखा जायेगा वह क्लॉथ पेपर होगा।

3–कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क या नाली के बाहरी किनारे से 5 फीट भूमि को छोड़कर किया जायेगा तथा तंग गलियों में 2 फीट भूमि छोड़कर निर्माण कार्य किया जायेगा।

4–(अ) भवन निर्माण–प्रत्येक भवन निर्माण करते समय ये विशेष ध्यान रखा जायेगा, भवन में आंगन या वाटिका के लिये कुल क्षेत्रफल की 1/5 भाग भूमि खाली छोड़ी जायेगी।

(ब) भवन में इस प्रकार के जंगले या वेन्टिलेटर लगवाना अनिवार्य होगा, जिससे धूप तथा हवा का आवागमन हो सके।

(स) इस प्रकार का जंगला या खिड़की न लगाई जायेगी, जिससे कि बराबर में रहने वालों को बेपर्दगी हो।

(द) नल का पानी नीचे पाइप द्वारा ही उतारा जायेगा तथा उसकी नाली सरकारी नाली में स्वयं अपने व्यय से मिलानी होगी, यदि वहां पर सरकारी नाली नहीं है तो प्रार्थी को उसके लिये सोकपिट अपनी ही भूमि पर बनवाना होगा।

(य) दो मंजिलें पर इस प्रकार का कोई भी शौचालय नहीं बनवाया जायेगा जिसका मल पाइप के द्वारा मकान के बाहर होकर नीचे उतरता हो या सडक पर गंदगी फैलाता हो।

(र) सरकारी नाली या सड़क के ऊपर जो प्रोजेक्शन निकाला जायेगा, उस पर अन्य किसी तरह का निर्माण नहीं किया जायेगा तथा नीचे का लिन्टर नाली के किनारे तक और ऊपर का नीचे के प्रोजेक्शन से एक फीट से अधिक नहीं निकाला जायेगा। सड़कें परदे किसी प्रकार का कोई प्रोजेक्शन नहीं दिया जायेगा।

(ल) भवन का परनाला सरकारी सड़क पर या गली में किसी भी हालात में नहीं डाला जायेगा, जब तक कि उसके पानी की सरकारी नाली पर पहुंचने की पूर्ण व्यवस्था न कर दी गई हो।

(व) भवन को सभी नालियों का गन्दा पानी स्वामी स्वयं अपनी लागत से पक्की नाली या पाइप के द्वारा नगर पंचायत की सार्वजनिक नाली तक पहुंचायेगा, यदि वहां पर नाली नहीं है तो वह अपनी भूमि में सोकपिट बनावाकर पानी की व्यवस्था करेगा।

(श) वाटिका या चौक में इस प्रकार का कोई गढ्ढा नहीं बनवायेगा जिससे कि पानी एकत्रित होकर सडता रहे या सड़ता हो।

(ष) रसोई तथा शौचालय के बीच में कम से कम 4 मी0 का अन्तर अवश्य होगा। शौचालय उत्तर या दक्षिण में इस प्रकार निर्माण करवाया जायेगा कि उसकी बदबू रसोई घर तक न पहुंचे।

स्वीकृति की विधियाँ

5–जब प्रार्थी मय नक्शे के अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। सर्वप्रथम उसका इन्द्राज निर्माण रजिस्टर में किया जायेगा तथा उक्त प्रार्थना-पत्र पर राजस्व विभाग की रिपोर्ट की जायेगी, जो राजस्व के लिपिक इन्सपेक्टर इस प्रकार की रिपोर्ट सेवा देगा कि इस भूमि या भवन का स्वामी हमारे रिकार्ड में वही इन्द्राज है जो प्रार्थना दे रहा है तथा इस मकान पर भवन का नगर पंचायत का कोई भी किसी प्रकार टैक्स आदि अवशेष नही है।

6–कार्यालय की रिपोर्ट के पश्चात् यह प्रार्थना-पत्र मय नक्शे के अवर अभियन्ता को भेज दिया जायेगा जो किसी मौके पर जाकर भूमि तथा प्लान्ट का मिलान करेंगे और अपनी रिपोर्ट सही पाये जाने पर इस प्रकार देंगे नक्शे के मुताबिक नियमानुसार निर्माण उचित है चॉक तथा वाटिका ठीक प्रकार से सुरक्षित छोड़ दी गई है रसोई तथा शौचालय की व्यवस्था सही है, स्वास्थ्य के लिहाज से गन्दे पानी के निकास की उच्च व्यवस्था है और उस निर्माण की आज्ञा देने में नगर पंचायत की सम्पत्ति की हानि नहीं है।

7–उसके पश्चात् प्रार्थी को यह अवगत कराया जायेगा कि वह नियमानुसार फीस निर्माण कार्य की करवा दें। निर्माण फीस जमा होने के पश्चात् अधिशासी अधिकारी की संस्तुति के बाद अध्यक्ष के आदेश के बाद (बोर्ड की दशा में) स्वीकृति हेतु बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा। बोर्ड पूरा निर्माण ले लेने के बाद जब यदि स्वीकृति दी जाती हो तो दो नक्शे एक स्वीकृति पत्र अधिशासी अधिकारी के माध्यम से प्रार्थी को भेज दिया जायेगा। इस आज्ञा के पश्चात ही प्रार्थी निर्माण कार्य आरम्भ कर सकता है, निर्माण कार्य आरम्भ करने को 24 घंटे के पूर्व कार्यालय को अवगत कराया जायेगा।

8–यह आज्ञा केवल 1 वर्ष के लिये होगी, यदि इस निश्चित अवधि में निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है तो प्रार्थी कारण स्पष्ट करते हुये पुनः नगर पंचायत में अवधि बढाने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करेगा और जो पूर्व फीस जमा की है उसका 1/2 आधा भाग पुनः फीस के रूप में जमा करनी होगी। यह अवधि 6 माह से अधिक नहीं बढाई जायेगी।

इस छह माह की अवधि बढाने के लिये अधिशासी अधिकारी सक्षम अधिकारी होगा। यदि विशेष परिस्थितियों में प्रार्थी इसके पश्चात् भी समय चाहता है तो एक प्रार्थना पत्र प्रभारी अधिकारी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

9–जैसे ही भवन कर निर्माण कार्य समाप्त होगा वैसे ही प्रार्थी नगर पचांयत को अवगत करायेगा तथा नगर पंचायत द्वारा कम्पलीशन सर्टीफिकेट प्राप्त करेगा, इसके बाद ही भवन रहने योग्य माना जायेगा।

दरें भवन निर्माण

1–व्यवसायिक भवन	40 वर्ग मी0 तक रु0 5.00 प्रति वर्ग मी0 आच्छादित
2–व्यवसायिक भवन	40 वर्ग मी0 से ऊपर रु0 6.00 प्रति वर्ग मी0
3–गोदाम	40 वर्ग मी0 तक रु0 7.00 प्रति वर्ग मी0 अधिक दो
4–गोदाम	40 वर्ग मी0 तक रु0 8.00 प्रति वर्ग मी0
5–होटल या विश्रामगृह	40 वर्ग मी0 से ऊपर रु0 7.00 प्रति वर्ग मी0
6–होटल या विश्रामगृह	200 वर्ग मी0 तक रु0 8.00 प्रति वर्ग मी0
7–रिहायशी भवन	200 वर्ग मी0 से ऊपर रु0 4.00 प्रति वर्ग मी0
8–रिहायशी भवन	500 वर्ग मी0 से तक रु0 5.00 प्रति वर्ग मी0
9–रिहायशी भवन	800 वर्ग मी0 से ऊपर रु0 6.00 प्रति वर्ग मी0

यदि कोई दुकान, रेस्टोरेन्ट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनाया जा रहा है तो उससे फीस की दरें उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। यदि मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरिजाघर, धर्मशाला, अस्पताल, स्कूल, वाचनालय या अन्य कोई पूजाघर जिससे किराये आदि कहीं आय न हो, वह शुल्कामुक्त होंगे।

यदि प्लान्ट की यदि बाउण्ड्री ही माननीय है तो उसके लिये मात्र रु0 100.00 (सौ रुपया मात्र) फीस देय होगी।

10–निर्माण का प्रार्थना-पत्र आने की तिथि के 90 दिन के भीतर स्वीकृति देना अनिवार्य होगा। यदि समिति को कोई आपत्ति है तो प्रार्थी को अवगत कराया जायेगा। अन्यथा प्रार्थी वाद गुजरने मियाद 90 दिन समिति को एक सूचना-पत्र प्रस्तुत करेगा जिसका समय 7 दिन का होगा, इसके बाद वह अपना निर्माण कार्य आरम्भ कर देगा।

11–समिति को यह पूरा अधिकार होगा कि उचित कारण दर्शाते हुए यह किसी भवन निर्माण की आज्ञा न दें।

12–प्रार्थी का यदि नक्शा स्वीकृत हो जाने के बाद कोई परिवर्तन है तो पुनः दूसरा नक्शा तथा स्वीकृति नक्शा जिस पर उसे आज्ञा प्राप्त हो चुकी है, प्रस्तुत करेगा तथा उपरोक्त अंकित फीस का 1/2 भाग जमा करेगा।

13–स्वीकृति देने के बाद यदि कोई जनहित में उक्त स्वीकृति को रद्द करना उचित समझता है तो पूरे कारण को स्पष्ट करते हुये भू-स्वामी को नोटिस दें और नोटिस देकर आज्ञा को रद्द कर सकता है जिसकी अपील अन्दर मियाद 30 दिन जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जा सकती है।

14–मरम्मत जिसमें केवल प्लास्टर आदि या छत रुकनी हो के लिये रु0 25.00 (पच्चीस रुपया मात्र) फीस तथा सादे कागज पर प्रार्थना-पत्र देगा यदि प्रार्थी पुरानी बुनियादों पर भी क्षतिग्रस्त होने के कारण छत बदलवाना चाहता है तो उसे रु0 60.00 (साठ रुपया) फीस जमा करेगा यदि नीचे की मंजिल बनी है और प्रार्थी दूसरी मंजिल बनाना चहाता है तो उसके उपविधियों में वर्णित पूर्ण प्रक्रिया अपनानी होगी।

15–सड़क पर निर्माण मलबा डालने पर हर 50 वर्ग फीट पर 30 दिन के लिये रु0 40.00 (चालीस रुपया) देय होगा। उसके लिये नियमानुसार कार्य आरम्भ करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। कार्य समाप्त होने पर सड़क पर पड़ा मैटेरियल साफ करायेंगे और गढ्ढे आदि भरवा देना। यदि यातायात में रुकावट होती है अधिकारी अलीगढ़ का पूर्ण अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताये दी गई आज्ञा रद्द कर दे जमाशुदा धनराशि वापिस न की जायेगी।

16–कोई भी प्रोजेक्शन इस प्रकार निर्माण न किया जायेगा कि जिसका बरसाती पानी पूरे भाग में बहता हो जिसकी निकासी एक स्थान से दूसरे स्थान का सुरक्षा पाइप से सुरक्षित पाइप के द्वारा होगी।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत सिढ़पुरा, जनपद कासगंज यह निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधि के किसी भी प्रकार का उल्लंघन करने पर दण्ड दिया जायेगा जो रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) तक हो सकता है। यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहे तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराधकर्ता है, रु0 25.00 (पच्चीस रुपया) प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थ दण्ड दिया जा सकता है और जुर्माना अदा न करने पर तीन मास तक का कारावास का दण्ड सक्षम न्यायालय द्वारा जा सकता है।

कंचन गुप्ता,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिढ़पुरा,
जनपद कासगंज।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहपुर जनपद–बाराबंकी

09 नवम्बर, 2021 ई0

सं0 1805/न0पं0फ0/यू0चा0 नियमावली/अधि0/2021-22–नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिये नगरपालिका अधिनियम, 1916 व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 में निहित प्राविधानों के अधीन नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी में 28 अगस्त, 2020 को ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि, 2020 लागू किये जाने हेतु उपविधि का 19 नवम्बर, 2021 के राष्ट्रीय सहारा में प्रकाशन कर आपत्तियों/सुझावों को मांगा गया था। उक्त निर्धारित अवधि में लगभग 70 आपत्तियां प्राप्त हुयी है जिसके निस्तारण हेतु एक कमेटी का गठन किया गया था, गठित कमेटी द्वारा प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर लिया गया है। अतः ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन उपविधि, 2020 को लागू किये जाने हेतु उपविधि का अन्तिम प्रकाशन कराया जा रहा है।

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के आधीन नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु यह उपविधि बनती है। यह उपविधि ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध (प्रबन्धन व हथालन) उपविधि, 2020 कहलायी जायेगी, जो गजट में प्रकाशित होने के पश्चात् लागू माना जायेगा।

नगर पंचायत फतेहपुर, जनपद बाराबंकी में एस0बी0एम0 के अन्तर्गत यूजर चार्ज नियमावली, 2020

1–यह नियमावली ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि, 2020 कहलायेगी।

2–यह उपविधि नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी सीमान्तर्गत लागू होगी।

3– यह उ0प्र0 सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

4–इस नियमावली में अधिशासी अधिकारी से तातपर्य नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से है।

5–अधिनियम का तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।

6–भविष्य में एस0बी0एम0 के अन्तर्गत यूजर चार्ज सम्बन्धी कोई भी शासनादेश जारी होता है तो वह स्वतः लागू होगा।

प्राधिकारी का अर्थ–नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी के अधिशासी अधिकारी से होगा।

प्राधिकारी संस्था–नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी से है।

क्षेत्र–यह उपविधि नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में समान रूप से प्रभावशाली होगी।

1–समस्त निवासियो के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 में उल्लिखित नियमों के अनुसार अपने स्थल पर उत्सर्जित/उनके द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को उद्गम स्थल पर तीन हिस्सों में गीला सूखा एवं परिसंकटमय अपशिष्टों में तीन क्रमशः हरा, नीला व लाल, सफेद ढक्कननुमा कचरा पात्र में भण्डारित करना होगा व दिन में एक बार ही नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी द्वारा निर्धारित कूड़ा चुनने वाले अथवा डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहकर्ता को निर्धारित मासिक शुल्क देकर निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। ताकि आम सड़कों मार्गों पर नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ करने के पश्चात् किसी प्रकार की गंदगी कूड़ा-करकट नही फैले।

2–कोई व्यक्ति व संस्था निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने परिसर मे भंडारित करेगा एवं Construction and Demolation Waste Rule 2016 के अनुसार निपटान करेगा।

3–नगर में स्थित सभी को-आपरेटिव सोसाइटीज, एसोसियेशन आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबन्धन की यह जिम्मेदारी होगी कि वे आवश्यक घनत्व में उपर्युक्त स्थान पर आवश्यक संख्या में अपने स्वयं के कंटेनर (नीला व हरा रंग के) स्थापित करेंगे जिनमें दैनिक उत्सर्जित कचरे का पृथक-2 भंडारण हो सके जिसका निस्तारण नगर पंचायत द्वारा निर्धारित देय यूजर चार्जेज देकर करायेगा।

4–कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपशिष्ट को गली/मार्गो व खुले सार्वजानिक स्थानों नाली/नाला या जलाशयों में न फेंकेगा, न जलायेगा और न ही गाड़ेगा। उपविधि का पालन न करने की दशा में रु0 5,000.00 का जुर्माना वसूल किया जायेंगा अथवा न्यायालय में अभियोग दायर किया जा सकेगा।

5–कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपने आवास के समीप खाली स्थानों पर कूडा नही डालेगा न डालने देगा कूड़े के समीप निवासी को जिम्मेदार समझा जायेगा जिसके लिये निकाय निर्धारित चालान करने में समर्थ होगा एवं अभियोग दायर किया जा सकेगा।

6–बूचड़ खानों, मांस-मछली बजारों, फल एवं सब्जी बाजारों के अपशिष्ट जो जैव निम्नकरणीय प्रवृत्ति का होता है का प्रबंध ऐसी रीति से किया जायेगा कि ऐसे अपशिष्ट को उपयोग में लाया जा सके ऐसे व्यवसायियों को स्वत अपने प्रबंध कर नियमानुसार नगर पंचायत को मासिक यूजर चार्ज देकर निस्तारण सुनिश्चित कराना होगा ।

7–अस्पतालों नर्सिंग होम्स क्लीनिक लैबोरेटरी आदि द्वारा जैव चिकित्सीय को नगरीय ठोस अपशिष्ट के साथ नही मिलाया जायेगा। अस्पतालों नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिक आदि के प्रबंधन द्वारा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट नियम, 2016 के निर्देशानुसार जैव चिकित्सीय अपशिष्ट का प्रबंध स्वयं सुनिश्चित कराना होगा एवं नगरीय ठोस अपशिष्ठ का प्रबंध नगर पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज देकर सुनिश्चत कराया जायेगा।

8–कोई भी व्यक्ति/निवासी अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भण्डारित करेगा और समय-समय पर नगर निकाय द्वारा निर्धारित शुल्क (यूजर चार्जेज) देकर निपटान करेगा।

9–कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी निर्माण सामग्री को किसी दशा में सार्वजनिक स्थान पर नही डालेगा। अनाधिकृत रूप से निजी मलवा/सामग्री डालना अधिनियम व नियमों के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

10–अपशिष्ट कूड़ा करकट सूखी पत्तियों को जलाया नही जायेगा।

11–कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कम तीन दिवस पूर्व स्थानीय निकाय/नगर पंचायत को सूचित किये बगैर किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्ति से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या समारोह आयोजित नही करेगा और पृथक अपशिष्ट को पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज जमा कर नियोजित अपशिष्ट संग्रहण अधिकरण को सौंपेगा।

12–मार्ग विक्रेता जिसके अन्तर्गत फेरीवाला, गली की लेन, सार्वजनिक पार्को, सार्वजनिक स्थानों या प्राइवेट स्थानों पर अस्थाई निर्मित संरचना पट या घूम-2 कर व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के निपटान हेतु ढ़क्कन युक्त कूड़ा पात्र रखना होगा।

13–कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत द्वारा स्थापित अपशिष्ट कूड़ेदान के बाहर नही फेंकेगा। निर्धारित कूड़ेदान में निर्धारित अपशिष्ट डालेगा।

14–पशुओं को अपशिष्ट कूड़ादान स्थलों अथवा शहर के किसी अन्य स्थान के आस-पास घूमने नही दिया जायेगा इसका अधिकृत क्षेत्र/स्थल पर ही प्रबन्ध करना होगा।

15–कोई भी व्यक्ति अपने भवन संस्थान व्यापारिक प्रतिष्ठान से गन्दा पानी, कीचड़ पानी, नाईट स्वाइल, गोबर मलमूत्र दूषित जल अपने परिसर में किसी प्रकार एकत्रित नही करेगा न सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों में बहने देगा जिससे वातावरण दुर्गन्ध से प्रदूषित हो व जन स्वास्थ को हानि होने की संभावना हो अथवा आवागमन में बाधक हो अन्यथा उसके विरुद्ध जुर्माना वसूल किया जा सकेगा एवं न्यायालय में अभियोजन किया जा सकेगा।

16–कोई व्यक्ति किसी प्रकार का मृत मवेशी अथवा उसके अवशेष सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर नहीं डालेगा। नगर पंचायत को निर्धारित यूजर चार्जेज देकर उसका निपटान करायेगा।

17–नगर पंचायत सीमा के अन्दर खुले में शौच करने वाले व्यक्तियों सें पाँच सौ रुपये एंव पेशाब करने वाले व्यक्तियों पर सौ रुपये जुर्माना वसूला जायेगा। जिसकी अदायगी व्यक्तियों को तुरन्त करनी होगी।

18–यह कि माननीय उच्च न्यायालय की सुनवाई दिनांक 09 नवम्बर, 2016 व नगर विकास अनुभाग-5 के आदेश संख्या 3595/नौ-5-2016-29/2014 दिनांक 08 नवम्बर, 2016 के अनुपालन में सड़क के किनारे भवन निर्माण अवशेष रखने पर रु0 50,000.00 का आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा।

19—कोई भी व्यक्ति/निवासी सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व गेटों पर निजी या व्यापारिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर व स्लोगन नही लिखायेगा।

घर-घर कचरा संग्रहण योजना के तहत घर-घर कचरा एकत्रित करने हेतु निम्नानुसार दरें तय की जाती है।

क्र0 सं0	उपभोक्ता की श्रेणी	सहयोग राशि (उपभोक्ता द्वारा) प्रतिमाह नगर पंचायत फतेहपुर क्षेत्र/प्रतिमाह
1	2	3
		रु0
1	गेस्ट हाउस	500.00
2	हॉस्टल	400.00
3	व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, होटल रेस्टोरेंट।	500.00
4	नर्सिंग होम (50 बेड तक)	1,500.00
5	नर्सिंग होम (50 बेड से अधिक)	3,000.00
6	छोटे उद्योग (10 किलो कूड़ा प्रतिदिन)	500.00
7	गोदाम, कोल्ड स्टोर (कूड़ा)	1,000.00
8	बारात घर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर तक)	1,500.00
9	बारात घर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर से अधिक)	4,000.00
10	दो पहिया वाहन एजेन्सी	300.00
11	चार पहिया वाहन एजेन्सी	500.00
12	व्यावसायिक काम्पलेक्स अथवा मार्केट	1,000.00
13	माल	1,500.00

नगर पंचायत की शक्तिः—

1—नगर पंचायत क्षेत्र में नगरीय ठोस अपशिष्टों या कूड़ा-करकट फैलाना प्रतिषेध होगा यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, मार्गों, निजी खुले स्थानों, पार्कों, पानी के श्रोतों इत्यादि पर गंदगी कूड़ा-करकट फैलाते व रखते पाया जाता है, तो प्राधिकृत अधिकारी जो निरीक्षक के स्तर से कम का नही हो अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मचारी संलग्न "अनुसूची-अ" में घोषित/समय पर निकाय द्वारा निर्धारित जुर्माना (केरिंग चार्जेज) ऐसे दोषी व्याक्तियों से मौके पर ही वसूल करने में सक्षम होगा।

2—नियम को लागू कराने हेतु जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इसे सख्ती से लागू कराया जायेगा। लागू कराने मे असक्षम/लापरवाही/असमर्थ कर्मचारी के विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम, 1916 में उल्लेखित नियमों के अधीन सख्त कार्यवाही का अधिकारी "प्राधिकारी" को होगा।

"अनुसूची-अ"

उपविधियों के उल्लंघन में किये गये कृत्यों के लिए निर्धारित कैरिंग चार्ज

क्र0 सं0	कृत्य	धनराशि प्रतिदिन
1	2	3
		रु0
1	रिहायशी भवनों के निवासियों	50.00
2	दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर	50.00
3	रेस्टोरेंट मालिकों द्वारा खुला कचरा डालने पर	2,000.00

1	2	3
		रु0
4	होटल मालिकों द्वारा कचरा डालने पर	5,000.00
5	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर	4,000.00
6	हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट फूड, आइसक्रीम, गन्ने का रस एंव अन्य जूस, सब्जी एवं फूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	50.00
7	सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने वालों पर	50.00
8	गोबर सार्वजनिक स्थान पर डालने पर	500.00
9	निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री ईट, सीमेन्ट लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर।	500.00
10	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पंचायत की सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	1,000.00
11	सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व उनके गेटों पर निजी वाणिज्यि प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1,500.00
12	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर	6,000.00
13	अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सड़क पर करने पर	500.00
14	अपने मकान भवन का सीवरेज कनेक्शन नही लेकर सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर	500.00
15	क्रमांक 02 से 06 तक वर्णित व्यवसाइयों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के निर्धारित ढ़क्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नही रखने पर।	1,000.00
16	दुकान अथवा ठेला व्यवसाइयों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेरिंग कर आयल मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर ।	600.00
17	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियां, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क पर व आम रास्ते/रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर।	500.00
18	आम रास्ता सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड़, ऊंट गधा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर।	500.00
19	शादी/विवाह स्थलों के बाहर कचरा डालने पर।	500.00
20	आम रास्ता सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुले आम मांस-मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गदंगी फैलाने पर	1,500.00
21	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जिया बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी पर।	50.00
22	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी बाल इत्यादि डालने पर।	100.00

1	2	3
		रु0
23	दुकानदारों अथवा व्यवासायिक द्वारा आम सड़क अथवा जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर।	5,000.00 उपविधियों का लगातार उल्लघंन करने पर अभियोजन भी चलाया जा सकेगा।
24	आम रास्ता सड़क फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढ़ाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर।	500.00
25	प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम क्लीनिक जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढ़ाबा चलाकर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर।	1,000.00
26	खुले मे शौच जाने पर	100.00

निगहत मशकूर,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत फतेहपुर,
बाराबंकी।

कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर, जनपद बाराबंकी

17 अगस्त, 2021 ई0

स्वकर निर्धारण नियमावली/उपविधि

सं0 1686/न0पं0फ0/2021-22—शासनादेश संख्या 135/9-9-11-190 द्वि0रा0वि0मा0/04 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 18 मार्च, 2011 द्वारा नगरपालिका परिषदों/नगर पंचायतों में गृहकर निर्धारण हेतु स्वकर मूल्यांकन व्यवस्था प्रभावी किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त शासनादेश के क्रम में नगर पंचातय फतेहपुर जनपद बाराबंकी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले भवनों/भूखण्ड़ों के वार्षिक किराया मूल्य की गणना हेतु नगर क्षेत्र के समस्त मोहल्लों के अन्तर्गत भवनों/भूखण्डों के प्रत्येक समूह के लिये कार्पोरेट एरिया/क्षेत्रफल के प्रतिवर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर निर्धारित की जा रही है तथा उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1960 (उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 2 सन् 1916) की धारा 128 के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिसूना 3732 ×× III-466 दिनांक 25 मार्च, 1943 तथा अधिसूचना संख्या 404-V/XI-140-1936 दिनांक 10 फरवरी, 1939 के अधीन प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमशः गृहकर जलकर नियमावली में संशोधित करते हुये उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 8 सन् 2011 की पठित धारा 128, प्रतिस्थापन करते हुये उल्लिखित धाराओं की शक्ति का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत फतेहपुर में सम्पत्ति कर, गृहकर, जलकर नियमावली/उपविधि बनायी है। इस क्रम में इस कार्यालय के पत्र संख्या 1352/न0पं0फ0/2020-21 दिनांक 15 सितम्बर, 2020 को अनन्तिम प्रकाशन 03 सितम्बर, 2020 को कराया गया था जिसमें 30 दिवस के भीतर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुये है। अतः उक्त नियमावली को अंतिम रूप से प्रकाशित किया जा रहा है उक्त स्वकर निर्धारण नियमावली नगर पंचायत, फतेहपुर में गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो जायेगी।

(गृहकर-जलकर) नियमावली, 2020

नियमावली/उपविधि

1—यह नियमावली नगर पंचायत फतेहपुर की सीमा में स्थित भवनों तथा सम्पत्तियों पर स्वतः कर निर्धारण नियमावली, 2020 कही जायेगी।

2–यह नियमावली नगर पंचायत फतेहपुर की सीमा में लागू होती है।

3–बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि कोरोना महामारी को देखते हुए यह नियमावली राजकीय गजट के प्रकाश के पश्चात् वित्तीय वर्ष 2020-2021 से लागू होने के स्थान पर यह नियमावली राजकीय गजट में प्रकाशन के पश्चात्/वित्तीय वर्ष 2021-22 से लागू होगी।

4–"नगर पंचायत" का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहपुर से है।

5–"अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहपुर के अधिशासी अधिकारी से है।

6–"प्रशासक/बोर्ड" का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहपुर के प्रशासक/बोर्ड से है।

7–"अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहपुर के अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी है।

8–"अधिनियम" का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

9–"शासनादेश" का तात्पर्य उ0प्र0 शासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों से है।

10–कोई भी व्यक्ति यदि नगर पंचायत फतेहपुर की सीमा में भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी है तो वे भवन/भूमि के सम्पत्ति कर का निर्धारण स्वमूल्यांकन द्वारा कर लेंगे। इसके लिये नगर पंचायत फतेहपुर से एक आवेदन-पत्र (प्रपत्र क और प्रपत्र ख) प्राप्त करके अपने मकान का ब्यौरा देकर उपविधि में दी गई निर्धारित दर के अनुसार स्वयं स्वकर निर्धारण करेंगे।

11–आवेदन-पत्र (प्रपत्र क और प्रपत्र ख) नगर पंचायत फतेहपुर से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

12–जिन भवन/भूमि स्वामी/अध्यासी द्वारा स्वकर निर्धारण का विकल्प नही अपनाया जायेगा, तो उनके सम्बन्ध में कर का निर्धारण व वसूली की कार्यवाही नियमानुसार नगर पंचायत फतेहपुर जनपद बाराबंकी द्वारा की जायेगी।

13–भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासियों द्वारा आवेदन-पत्र में गलत तथ्य/सूचना देने पर उसको रुपये 3,000 से अनाधिक अर्थदण्ड देय होगा।

14–भवन–इसमें वह सभी अहाते, उपघर आदि तथा यदि एक संयुक्त परिसर में कई भवन स्थित है तो इस परिसर के सभी इमारतों के परिसर की भूमि सहित भवन कहा जायेगा और भवन का तात्पर्य सं0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा मे अंकित परिभाषा से है।

15–"सम्पत्ति" का तात्पर्य किसी भवन/भूमि या दोनों से है।

16–"आच्छादित क्षेत्रफल" का तात्पर्य कुर्सी के ऊपर जिस पर भवन निर्मित है के प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्रफल से है।

17–कारपेट एरिया की गणना निम्नानुसार की जायेगी–

(1) कमरें–आन्तरिक आयाम की पूर्णमाप।

(2) आच्छादित बरामदा–आन्तरिक आयाम की पूर्णमाप।

(3) बालकनी, कारीडोर, रसोई व भण्डार गृह-आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप।

(4) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप।

(5) स्नानागृह, शौचालय पोर्टिकों और जीने से अच्छादित क्षेत्र-कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

अथवा

कारपेट एरिया–आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग।

18–कर का निर्धारण–कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(1) वार्षिक मूल्य की गणना वार्षिक मूल्य = कारपेट एरिया × निर्धारण प्रति ईकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल का किराया दर × 12 × 80 %

19–करों का भुगतान–अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा प्रधिकृत कोई अधिकारी बनाये गये नियम अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमें एक ऐसा दिन निर्दिष्ट होगा, नगर पंचायत फतेहपुर जनपद बाराबंकी कार्यालय अथवा उसके द्वारा अधिसूचित बैंक में कर का भुगतान किया जायेगा। स्वकर निर्धारण का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की दशा में नियमावली में दी गई शास्ति तथा नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 173 (क) के भी अनुसार कर की वसूली की जायेगी। धारा 173 (क) के भी अनुसार कर की वसूली की जायेगी। धारा 173 (क) की कार्यवाही कर खर्च तथा व्यय धनराशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी लिया जायेगा।

(1) यह कि नगरपालिका बोर्ड की ओर से अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी जैसी भी परिस्थिति हो नगरपालिका अधिनियम की धारा 158 (1) (2) के अर्न्तगत पत्र भेजकर किसी भवन/भूमि स्वामी को उसकी सम्पत्ति आदि के बारे में विवरण प्रस्तुत करने तथा अन्य दस्तावेज मांगने व प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(2) इस उपविधि के किसी भी प्राविधान के बारे में नगर पंचायत फतेहपुर यदि संतुष्ट है कि उपविधि के किसी भी प्राविधान का दुरुपयोग परिषद् द्वारा किया जा रहा है अथवा कोई प्राविधान जनहित में नहीं है, तो उक्त प्राविधान को निरस्त करनें, छूट देने अथवा संशोधित करने का अधिकार नगर पंचायत फतेहपुर का होगा।

20–स्वतः अधसित भवनों के लिये छूट–

(1) 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(2) 10 वर्ष से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(3) 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

21–किराये पर उठे आवासीय भवन–किराये के भवनों में वास्तविक वार्षिक किराया मूल्यांकन निर्धारित दर पर देय होगा, परन्तु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 (2) में यह प्रतिबन्ध है, कि जहां नगर पंचायत किराये में किसी कारण से आसाधारण परिस्थितियों में किसी भवन का वार्षिक मूल्य यदि उपर्युक्त रीति से गणना की गई हो, अत्यधिक हो, नगर पंचायत किसी भी धनराशि पर जो उसे न्याय संगत प्रतीत हो वार्षिक मूल्य नियत कर सकती है।

22–व्यवसायिक सम्पत्तियों से तात्पर्य–सभी प्रकार की फुटकर दुकानें, शोरूम बेकरी, आटा चक्की, कोयला लकड़ी, कृषि उपकरणों के विक्रय केन्द्र, शीतगृह, रिजार्ट, होटल व वेब-साईट, रेस्टोरेन्ट, भोजनालय, जलपान गृह, रेस्टोरेन्ट, कैन्टीन, सिनेमा व मल्टीप्लेक्स, अस्थाई सिनेमा, पी0सी0ओ0 पेट्रोल व डीजल फिलिंग स्टेशन, गोदाम/गैस, अधिष्ठान, भण्डारण तथा गोदाम निजी कार्यालय बैंक वाणिज्य कार्यालय से है।

23–औद्यौगिकी सम्पत्तियों से तात्पर्य सेवा/कुटीर उद्योग, पावरलूम, कारखाना, चीनी मिल, सूचना प्रौद्योगिकी/साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी/एल0पी0जी0 व फीलिंग प्लाट, विद्युत उत्पादन/संयत्र/केन्द्र आदि से है।

24–इन्स्टीट्यूशनल (संस्थागत) सम्पत्तियों से तात्पर्य–राजकीय, अर्धराजकीय, स्थानीय निकाय कार्यालय, श्रमिक कल्याण केन्द्र, पी0ए0सी0 पुलिस लाईन, मौसम अनुसंधान केन्द्र, वायरलेस केन्द्र, अतिथि गृह, निरीक्षण गृह, धर्मशाला, रैनबसेरा, लांजिग, बोर्डिंग हाउस, छात्रावास, अनाथालय, सुधारालय, कारागार, हैंडीकैप, चिल्ड्रेन हाउस, शिशुगृह एवं दिवस देखभाल केन्द्र, वृद्धावस्था केन्द्र, प्राथमिक शैशिक संस्थान, उच्च माध्यमिक इण्टर/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग, विशिष्ट शैक्षिक संस्थान, आई0टी0आई0, डाकघर, तारघर, पुलिस स्टेशन/चौकी, अग्नि शमन केन्द्र, पुस्तकालय, नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, कला केन्द्र, सिलाई, बुनाई, कढ़ाई,

पेन्टिंग, कम्प्यूटर प्रशिक्षण इत्यादि। आडिटोरियम, नाट्यशाला, थियेटर, योग, सामूदायिक केन्द्र, धार्मिक केन्द्र, बारात घर, कान्फ्रेस एवं मीटिंग हाल, प्रर्दशनी केन्द्र, रेडियों व टेलीवीजन कार्यालय/केन्द्र नर्सिंग होम व अस्पताल आदि।

नोट—जो भी सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संस्थायें निःशल्क व जनहित में कार्य कर रही है, वे कर से मुक्त होगी । परन्तु जिस धार्मिक/राजनीतिक संस्था का जितने भाग का उपयोग व्यवसायिक होगा, उस पर कर देय होगा।

25—रेन्ट कन्ट्रोल के मकान—रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम, 1972 के अधीन आने वाले आवासीय भवनों पर नगर पंचायत फतेहपुर प्रत्येक करों की गणना के लिये वार्षिक किराये का निर्धारण रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम के अनुसार नहीं किया जायेगा, ऐसे भवनों के करों की देयता उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 के प्राविधानों के अर्न्तगत शासनादेश संख्या 135/9-9-11—190 द्वि0रा0वि0मा0/04 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 18 मार्च, 2011 निर्धारित की जायेगी।

26—जिन भवनों/व्यवसायिक भवनों में किरायेदार और सर्वे में भवन स्वामी का पता नही चलता है तो ऐसे भवनों में किरायेदार/अध्यासी को ही गृहकर-जलकर का भुगतान करना होगा।

27—करों में छूट—

(क) गृहकर/जलकर की देयता वार्षिक होगी। 01 अप्रैल से 30 सितम्बर के मध्य कर जमा कर दिये जाने की दशा में 10 प्रतिशत् की छूट अनुमन्य होगी। इसके पश्चात् कर जमा करने पर कोई छूट अनुमन्य नही होगी।

(ख) सम्बंधित वर्ष में कर जमा नही करने की दशा में आगामी वित्तीय वर्ष्रो में गृहकर/जलकर पर 12 प्रतिशत् सरचार्ज देय होगा।

(ग) विशेष परिस्थितियों में आर्थिक स्थिति को देखते हुए व्यक्ति के करो में कटौती करने का निर्णय बोर्ड द्वारा लिया जायेगा।

28—सम्बंधित सूचना प्रपत्र (क) प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। भवन के क्षेत्रफल एंव दरों के सम्बंध में कोई त्रुटिपूर्ण विवरण होने की दशा में स्वामी/अध्यासी से सम्पत्ति की देयता में होने वाले अन्तर के चार गुना धनराशि, शास्ति (जुर्माना) के रूप में ली जायेगी। निर्धारित अवधि तक विवरण न जमा करने की दशा में 50 वर्ग मीटर/200 वर्ग मीटर/400 वर्ग मीटर तथा उसके अधिक भू-खण्ड पर क्रमशः रु0 1,000.00/2,000.00/3,000.00/5,000.00 तक शास्ति (जुर्माना) आरोपित करके वसूल किया जायेगा तथा 30 दिन के विलम्ब की स्थिति में शास्ति (जुर्माना) का 05 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा।

29—भवन किराये पर देने या रिक्त होने, भवन में निर्माण/पुर्ननिर्माण होने से आच्छादित क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) में वृद्धि होने पर तथा भवन के व्यवसायिक/औद्योगिक प्रयोग होने पर 60 दिनों के अन्दर प्रपत्र ख में ही पुनः विवरण भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर अथवा इसमें किसी प्रकार कि चूक करने नर सम्पत्ति कर दुगनी धनराशि अथवा रुपया 100.00 प्रतिदिन की दर से जो भी कम हो, शास्ति का भुगतान करना होगा।

30—जिन भवनों/भूमि को नगर पंचायत फतेहपुर जनपद बाराबंकी द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है उन्हें भी प्रपत्र "क" और प्रपत्र "ख" पर उपरोक्तानुसार भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उसके भवन/भूमि पर आदि कोई पूर्व का बकाया है तो प्रपत्र "क" के अनुसार देय कर एंव पूर्व बकाया कर भी जमा करेंगें।

31—मकानों को दर्ज करने सम्बंधी नियम—कोई भी व्यक्ति किसी भी समय यदि किसी भी भवन या भूमि पर अपना नाम अध्यासी अथवा स्वामी के रूप में करदाता सूची में अंकित कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रपत्र के साथ साक्ष्य सहित नगरपालिका परिषद द्वारा निर्धारित शुल्क जमाकर आवेदन करना होगा और यदि उसके नाम के सम्बन्ध में कोई आवेदन निरस्त करनें हेतु विचाराधीन है तो उसका उल्लेख लिखित रूप में आवेदन-पत्र में किया जायेगा अन्यथा उसके वाद कर सूची में आवेदन एंव साक्ष्य के अनुसार नाम कर निर्धारण सूची में अंकित कर दिया जायेगा।

32—मकानों के हस्तान्तरण सम्बन्धी नियम—

(क) यदि किसी भवन अथवा भूमि पर जिस पर कर आरोपित है स्वामित्व हस्तान्तरण होता है तो स्वतत्व हस्तान्तरित करने वाले व्यक्ति तथ संस्था अथवा स्वतत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था ऐसे हस्तान्तरण के तीन

माह के अन्दर उसकी सूचना साक्ष्य सहित नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करकें निर्धारित प्रपत्र आवेदन-पत्र अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ख) यदि किसी कर दाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस को मृत्यु के दिनांक से 03 माह के अन्दर इसकी लिखित सूचना नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन-पत्र साक्ष्य सहित अधिशासी अधिकारी को देना होगा।

(ग) यदि किसी भूमि–भवन का वारिस/उत्तराधिकारी 03 माह के अन्दर सूचना देनें में असफल रहता है तो 03 माह के बाद प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने पर उसे अधिकतम मु0-100.00 प्रतिवर्ष अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्धारित विलम्ब शुल्क लिया जायेगा।

33–कर निर्धारण दर–

(I) गृहकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत् तथा जलकर वार्षिक मूल्य का 5 प्रतिशत् देय होगा।

(II) किसी स्वामी द्वारा अध्यासित आवासित भवन जो 30 वर्गमीटर या 322.8 वर्गफुट की माप वाले तथा 15 वर्गमीटर या 161.4 वर्गफुट तक कारपेट क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड पर निर्मित हो, उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पंचायत फतेहपुर में सीमा के अन्तर्गत कोई अन्य भवन/भू-खण्ड न हो वार्षिक मूल्य की गणना नही की जायेगी, कर से मुक्त होगें।

34–जलकर–जलमूल्य के जलकर से अधिक होनें की स्थिति में जलमूल्य देय होगा तथा जलमूल्य जलकर से कम हेाने की स्थित में जलकर देय होगा।

35–मुख्य मार्ग से तात्पर्य–मुख्य सड़क, प्रान्तीय मार्ग।

36–अन्य मार्ग से तात्पर्य–मुख्य मार्ग से अन्दर मोहल्ला/कालोनी में जानें वाली सड़के अन्य मार्ग में आयेगी।

37–अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहपुर द्वारा नगर पंचायत फतेहपुर सीमा में स्थित भवनों/भूमियों का वार्षिक मूल्यांकन नीचे दिये गये न्यूनतम दरों पर निर्धारित की जायेगी।

38–न्यूनतम मासिक किराये की दर का निर्धारण अधिशासी अधिकारी वार्ड के भीतर प्रत्येक दो वर्ष में एक बार, यथास्थिति भवनों के प्रत्येक समूह के लिये कारपेट एरिया को प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर या भूमि के प्रत्येक समूह के कारपेट एरिया को प्रति ईकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) लागू न्यूनतम मासिक किराये की दर निम्न को ध्यान में रखते हुये नियत करेगा।

(क) भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रयोजन के लिये कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल दर, और

(ख) ऐसे भवन या भूमि के लिये क्षेत्र में वर्तमान किराये की न्यूनतम दर।

प्रतिबंध यह है कि ऐसे मासिक किराये की दर नियत करने के पूर्व अधिशासी अधिकारी ऐसी प्रस्तावित दरों को ऐसे नगर में प्रचालित दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से अधिसूचित करेगा, और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियां दाखिल करने के लिये न्यूनतम 15 दिवस का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों को 15 भिन्न-भिन्न बंण्डलों का अधिकतम संख्या मे समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर वार्ड वार्डवार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बंडल में, यथास्थिति भवनों के एक समूह के लिये प्राप्त आपत्तियां रहेगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं अधिशासी अधिकारी द्वारा या अधिशासी अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकरी द्वारा आपत्तिकर्ताओं की कुल संख्या के कम से कम 10 प्रतिशत् व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नही होगा कि सभी आपत्तिकर्ताओं को या हितबंद्व व्याक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। आपत्तियों का बंण्डलवार विनिश्चत किया जायेगा।

(ग) सम्पत्ति का (गृहकर-जलकर) स्वकर निर्धारण प्रक्रिया के अन्तर्गत नगर पंचायत फतेहपुर जनपद बाराबंकी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त वार्डों/मोहल्ले के भवनों/भू-खण्डों की प्रतिवर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर निम्नवत् है–

सड़क चौड़ाई	आर0सी0सी0/आर0 बी0बी0सी0 छत सहित पक्का भवन हेतु	अन्य पक्का भवन हेतु	कच्चा भवन हेतु	रिक्त भूमि/भू-खण्ड हेतु
1	2	3	4	5
	रु0	रु0	रु0	रु0
10.1 मीटर से अधिक मार्ग पर स्थित भवन/भूमि	1.00 प्रति वर्ग फिट	0.75 प्रति वर्ग फिट	0.50 प्रति वर्ग फिट	0.30 प्रति वर्ग फिट
3.1 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भवन/भूमि	0.75 प्रति वर्ग फिट	0.50 प्रति वर्ग फिट	0.40 प्रति वर्ग फिट	0.20 प्रति वर्ग फिट
3 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भवन/भूमि	0.50 प्रति वर्ग फिट	0.25 प्रति वर्ग फिट	0.20 प्रति वर्ग फिट	0.10 प्रति वर्ग फिट

वार्डों के नाम–फैय्याजपुरा वार्ड, पचघरा–2 वार्ड, नालापार दक्षिणी–05 वार्ड, काजीपुर–1 वार्ड, ब्रम्हनीटोला–2 वार्ड, काजीपुर–2 वार्ड, पचघरा–1 वार्ड, नालापार दक्षिणी–2 वार्ड, मोलवीगंज–1 वार्ड, नालापार दक्षिणी–4 वार्ड, नालापार दक्षिणी–3 वार्ड, नालापार दक्षिणी–1 वार्ड, नालापार उत्तरी वार्ड, काजीपुर–3 वार्ड, मोलवीगंज–2 वार्ड, ब्रम्हनीटोला–1 वार्ड।

भवन/भूमि अनावासिक/व्यवसायिक हो अथवा भागतः भाग अनवासीय होने की दशा में उक्त अनावासीय भवन/भूमि/भवन के भाग हेतु निर्धारित प्रति वर्ग फीट क्षेत्रीय आवासीय दरों में गुणांक निम्न प्रकार लागू होगा–

(1) प्रत्येक वाणिज्य काम्पेलक्स, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बैंक कार्यालय, होटल 0 से 3 स्टार, निजी होटल, कोचिंग व प्रशिक्षण संस्थान (राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त को छोड़कर) गुणांक 5 गुना, (2) प्रत्येक प्रकार के क्लीनिक, पालीक्लीनिक, डाइग्नोटिक्स केन्द्र, प्रयोगशालायें, नर्सिंग होम, चिकित्सालय, मेडिकल स्टोर, स्वास्थ्य परिचर्चा केन्द्र, पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसी, डिपो गोदाम, सामुदायिक भवन, कल्याण मंडप, विवाह क्लब इसी प्रकार के अन्य भवन, औद्योगिक मील/कारखाना, चीनी मिल, सरकारी, अर्धसरकारी सार्वजनिक उपक्रम में कार्यालय–4 गुना (3) टावर, होल्डिंग वाले भवन, टी0वी0 टायर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर जो भवन की सतह पर शिखर पर या खुले स्थान प्रति स्थापित किये गये है 4 गुना (4) माल्स, 4 सितारा व उसके ऊपर के होटल, पब्स बार, वासगृह, जहाँ भेजन के साथ मदिरा परोसी जाती है–6 गुना (5) क्रीडा केन्द्र जैसे जिम स्वास्थ केन्द्र, थियेटर, छात्रावास, लाज, व्यावसायिक उद्देश्य से आवासीय किरायेदारी–3 गुना (6) अन्य प्रकार के अनावासीय भवन जो उपर्युक्त श्रेणियों में उल्लिखित नही है–3 गुना।

उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 संख्या-2191/नौ-9-19-85ज/05 टी0सी0-1 लखनऊ, दिनांक 18 नवम्बर, 2019, उ0प्र0 नगरपालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) द्वारा अनन्तिम सूचना जारी की गयी। जिसकी अन्तिम अधिसूचना जारी होते ही इस अधिसूचना को नगर पंचायत फतेहपुर, जनपद बाराबंकी में लागू कर दिया जायेगा।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहपुर, बाराबंकी

प्रपत्र 'क'

सम्पत्ति कर-स्व निर्धारण प्रपत्र

1–(i) स्वामी/अध्यासी का नाम.....

(ii) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....

(iii) भवन /मकान/भू-भाग पर स्थित .....

(iv) किसी भी व्यक्ति का नाम हो तो.....

(v) अगर भवन पर नाम नहीं हो तो .....

(vi) स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता .....

2–निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा.....

(i) समस्त कमरों और आच्छादित बरामदों का पूर्ण आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में) .....

(ii) समस्त बालकानी, कारीडोर, रसोई और भण्डार गृह का आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में) .....

(iii) समस्त गैराज का आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप (वर्ग फुट में) .....

टिप्पणी–स्नानागृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट ऐरिया का भाग नहीं होगा।

3–भवन का कारपेट ऐरिया (वर्ग फुट में)– = (i) +1/2 (ii) +1/4 (iii) वर्ग फुट

4–(i) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट में) .....

(ii) भूमि का क्षेत्रफल, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट में) .....

5–(अ) भवन अवस्थित है–

(1) 10.1 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(2) 3.1 से 10 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(3) 03 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ब) भवन के निर्माण की प्रकृति–

(1) पक्का भवन, आर0सी0सी0 छत या आर0बी0बी0सी0 छत सहित ☐

(2) अन्य पक्का भवन। ☐

(3) कच्चा भवन अर्थात् समस्त अन्य भवन जो (1) और (2) में अच्छादित नहीं है। ☐

(स) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नहीं है) अवस्थित है–

(1) 10.1 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(2) 3.1 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(3) 03 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

टिप्पणी–कृपया उपर्युक्त 1, 2 या 3 के खाने में जो भी सही हो उसमें सही का निशान लगायें।

6–भवन स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। कृपया उनमें से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी–यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी, द्वारा अध्यासित समझा जायेगा।
यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे खाली उल्लिखित किया जायेगा।

7–भवन के निर्माण का वर्ष.....

8–(i) अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन के लिए निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर रु0 .....प्रति वर्ग फुट।

(ii) अधिशासी अधिकारी द्वारा भूमि के लिए निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो रु0 .....प्रति वर्ग फुट।

9–(i) भवन का वार्षिक मूल्य = 12 × अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर × भवन का कारपेट एरिया=12×8(i) × भवन का कारपेट एरिया (3)

या

12 × अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर × आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत

(ii) भूमि का वार्षिक मूल्य यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो = 12 × अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर × भूमि का क्षेत्रफल = 12 × 8 (ii) × 4 (ii)

10–(i) भवन का सामान्य गृहकर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × सामान्य गृहकर दर/100

(ii) भवन का जलकर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × जलकर दर/100

(iii) भवन का निस्तारण कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × जल निस्तारण दर/100

(iv) भवन का स्वच्छता कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × स्वच्छता की दर/100

11–भूमि पर सामान्य कर, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो = 9 (ii) में यथा उल्लिखित वार्षिक मूल्य × सामान्य कर दर/100

12–अधिशासी अधिकारी द्वारा कर जमा करने के लिये निर्धारित नियत दिनांक.....

13–जमा किये गये कर विवरण–

क्र0सं0	कर	बकाया	वर्तमान कर	योग	महायोग	जमा कर की रसीद संख्या व दिनांक
1	2	3	4	5	6	7
1	गृहकर					
2	जलकर					

सत्यापन

मैं, एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि स्वमूल्यांकन कर विवरण में प्रस्तुत किये गये ब्योरे, जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, ठीक और पूर्ण है। उक्त मूल्यांकन मात्र कर संचय हेतु किया जा रहा है जिसका स्वामित्व से कोई सम्बन्ध नहीं है।

दिनांक .....

अनुप्रमाणक साक्षी

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पिता–माता का नाम .....

पूरा पता .....

अभिस्वीकृति

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पिता–माता का नाम.....

पूरा पता.....

नोट–प्रपत्र क, ख भवन स्वामी के प्राप्ति की तिथि से 15 दिवस के अन्दर वांछित सूचना भरकर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त करायें। अन्यथा विभाग द्वारा प्रपत्र ख स्वयं भरकर आपके भवन का कर निर्धारण कर दिया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आपकी होगी।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहपुर, जनपद बाराबंकी

प्रपत्र 'ख'

(भवन के कारपेट एरिया के या भूमि के क्षेत्र के सम्बन्ध में सूचना प्रदान करने के लिये)

1–(i) स्वामी/अध्यासी का नाम.....

(ii) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....

(iii) भवन/मकान/भू भाग पर स्थित .....

(iv) किसी भी व्यक्ति का नाम हो तो.....

(v) अगर भवन पर नाम नहीं हो तो .....

(vi) स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता .....

2–निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा.....

(i) समस्त कमरों और आच्छादित बरामदों का पूर्ण आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में) .....

(ii) समस्त बालकानी, कारीडोर, रसोई और भण्डार गृह का आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में) .....

(iii) समस्त गैरेज का आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप (वर्ग फुट में) .....

टिप्पणी–स्नानागृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट ऐरिया का भाग नहीं होगा।

3–भवन का कारपेट ऐरिया (वर्ग फुट में)– = (i) +1/2 (ii) +1/4 (iii) वर्ग फुट

4–(i) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट में) .....

(ii) भूमि का क्षेत्रफल, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट में) .....

5–(अ) भवन अवस्थित है–

(1) 10.1 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर

(2) 3.1 से 10 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(3) 03 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ब) भवन के निर्माण की प्रकृति–

(1) पक्का भवन, आर0सी0सी0 छत या आर0बी0बी0सी0 छत सहित ☐

(2) अन्य पक्का भवन। ☐

(3) कच्चा भवन अर्थात् समस्त अन्य भवन जो (1) और (2) में अच्छादित नहीं है। ☐

(स) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नहीं है) अवस्थित है–

(1) 10.1 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(2) 3.1 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(3) 03 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

टिप्पणी–कृपया उपर्युक्त 1, 2 या 3 के खाने में जो भी सही हो उसमें सही का निशान लगायें।

6–भवन स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। कृपया उनमें से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी–यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी, द्वारा अध्यासित समझा जायेगा।

यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे खाली उल्लिखित किया जायेगा।

7–भवन के निर्माण का वर्ष.....

सत्यापन

मैं, एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि स्वमूल्यांकन कर विवरण में प्रस्तुत किये गये ब्योरे, जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, सत्य एवं पूर्ण है। विवरण सम्बन्धी किसी प्रकार की त्रुटि का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा है, नियत सरचार्ज भी देने का हकदार हूं, नियत सरचार्ज भी देने का हकदार हूं तथा सम्पत्ति विवाद उत्पन्न होने की दशा में मैं स्वयं उत्तरदायी हूंगा।

दिनांक .....

अनुप्रमाणक साक्षी

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पिता-माता का नाम .....

पूरा पता .....

अभिस्वीकृति

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पिता-माता का नाम.....

पूरा पता.....

अभिस्वीकृति

जिस व्यक्ति से प्रपत्र "क" एवं "ख" प्राप्त किया उसका विवरण नीचे दिया गया है–

1–स्वामी/अध्यासी का नाम.....

2–स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....

3–भवन /मकान/भूमि संख्या .....

4–भवन/भूमि की अवस्थिति का पता.....

5–स्वामी/अध्यासी का अस्थाई पता .....

6–स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता .....

नोट–इस प्रविष्ट का अंकन मात्र "कर" संचय की दृष्टि से है।

दिनांक .....

कर्मचारी हस्ताक्षर.....

नाम .....

पदनाम .....

निगहत मशकूर,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत फतेहपुर,
बाराबंकी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म श्री लक्ष्मी गैस सर्विस कस्बा व पोस्ट सिकन्दरपुर, तहसील सिकन्दरपुर, जिला बलिया, उ0प्र0 जिसकी पत्रावली संख्या AZ-7173 है। जिसे दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 को विघटित कर दी गयी है। फर्म के दो पार्टनर थे जिसमें प्रथम पार्टनर राम विलस जायसवाल पुत्र उमाशंकर जायसवाल, निवासी ग्राम व पोस्ट सोनाडीह, थाना उभांव, तहसील बेल्थरा रोड, जिला बलिया व द्वितीय पार्टनर प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री हरिहर प्रसाद, निवासी ग्राम मलकौली, पोस्ट परसूपुर, तहसील मधुबन, जिला मऊ है। फर्म में किसी प्रकार की किसी भी व्यक्ति की लेनदारी व देनदारी नहीं है। उक्त फर्म के साझेदारों को उक्त विघटन में कोई आपत्ति नहीं है।

राम विलास जायसवाल,
पुत्र उमाशंकर जायसवाल,
निवासी–ग्राम व पोस्ट–सोनाडीह,
थाना–उभांव, तहसील–बेल्थरा रोड,
जिला बलिया।

सूचना

फर्म मेसर्स डी0डी0 आहूजा एण्ड ब्रदर्स, कानपुर नगर में श्री ह्रदय कुमार लालवानी पुत्र स्व0 वरियल दस लालवानी, निवासी 126, मुगलपुरा, फैजाबाद एवं श्रीमती कौशिल्या देवी आहूजा पत्नी श्री दुर्गा दस आहूजा, नि0 120/500-बी, लाजपत नगर कानपुर नगर एवं श्रीमती सुनीता मध्यान पत्नी श्री मनोहर लाल मध्यान, नि0 347 बी ब्लाक, इन्दिरा नगर, लखनऊ, दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को रिटायर्ड हो गये हैं तथा श्री विमल आहूजा पुत्र श्री बेगराज आहूजा नि0 161/9, कोशी राज नगर, कटघर, इलाहाबाद एवं श्री मयंक आहूजा पुत्र श्री जय प्रकाश आहूजा, नि0 120/500-बी, लाजपत नगर, कानपुर नगर, दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को सम्मिलित हो गये हैं तथा वर्तमान में फर्म में निम्न पार्टनर है। श्री दुर्गा दास आहूजा पुत्र स्व0 करम चन्द, नि0 120/500-बी, लाजपत नगर, कानपुर नगर, श्री बेगराज आहूजा पुत्र स्व0 करम चन्द, नि0 161/9, काशीराज नगर, कटघर, इलाहाबाद, श्री जय प्रकाश आहूजा पुत्र श्री दुर्गा दास आहूजा, नि0 120/500-बी, लाजपत नगर कानपुर नगर, श्री विकास आहूजा पुत्र श्री बेगराज आहूजा, नि0 161/9, काशीराज नगर, कटघर, इलाहाबाद श्री विमल आहूजा पुत्र श्री बेगराज आहूजा, नि0 161/9,, काशीराज नगर, कटघर, इलाहाबाद श्री मयंक आहूजा पुत्र श्री जय प्रकाश आहूजा, नि0 120/500–बी, लाजपत नगर, कानपुर नगर तथा फर्म का पता दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को 120/500-बी, लाजपत नगर, कानपुर नगर के स्थान पर 87/8-(2) भन्नानापुरवा, आचार्य नगर, कानपुर नगर हो गया है।

दुर्गा दास आहूजा,
पार्टनर,
मेसर्स डी0डी0 आहूजा एण्ड ब्रदर्स,
87/8-(2) भन्नानापुरवा, आचार्य नगर,
कानपुर नगर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेसर्स हिन्दुस्तान पेट्रो ल्यूब, ए-3/9, गोपालपुर, यू0पी0एस0 आई0डी0सी0 इण्डस्ट्रीयल एरिया, सिकन्द्राबाद, जिला बुलन्दशहर-203205 की साझेदारी में श्री रवि अग्रवाल, श्री राकेश कुमार अग्रवाल एवं श्री विकास गुप्ता साझीदार थे। दिनांक 01 जनवरी, 2022 को श्री राजेन्द्र कुमार, श्री ललित कुमार शर्मा, श्री योगेश एवं श्री कपिल शर्मा फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुये। दिनांक 01 जनवरी, 2022 को श्री रवि अग्रवाल, श्री राकेश अग्रवाल एवं श्री विकास गुप्ता फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये हैं। अब दिनांक 01 जनवरी, 2022 की संशोधित डीड के अनुसार श्री राजेन्द्र कुमार, श्री ललित कुमार शर्मा, श्री योगेश एवं श्री कपिल शर्मा साझीदार हैं तथा फर्म का शाखा कार्यालय 78/2, गौड प्लाजा, मैन जी0टी0 रोड, निकट बैंक ऑफ बडौदा, लाल कुंआ, गौतमबुद्धनगर–201009 हो गया है। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

ललित कुमार शर्मा,
साझीदार,
मेसर्स हिन्दुस्तान पेट्रो ल्यूब,
ए-3/9, गोपालपुर, यू0पी0एस0,
आईडी0सी0 इण्डस्ट्रीयल एरिया,
सिकन्द्राबाद, जिला-बुलन्दशहर-203205।

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स वीर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स, म0नं0-509/19, पुराना हैदराबाद, निकट काला कांकर, भवन, जिला लखनऊ, साझेदारी फर्म 1932 58(1) साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है जिसमें अभी तक श्री सचिन यादव पुत्र श्री वीरपाल सिंह, श्री राहुल वीर सिंह पुत्र श्री अजय वीर सिंह एवं श्री रोनित वीर सिंह पुत्र श्री अजय वीर सिंह तीन साझेदार थे, फर्म के प्रथम साझेदार श्री सचिन यादव पुत्र श्री वीरपाल सिंह दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 से आपसी सहमती से फर्म से निकल रहे है तथा एक नये साझेदार श्रीमती गीतिका सिंह पत्नी श्री सचिन यादव फर्म में शामिल हो रही है वर्तमान में तीन साझेदार क्रमशः श्रीमती गीतिका सिंह पत्नी श्री सचिन यादव, श्री राहुल वीर सिंह पुत्र श्री अजय वीर सिंह एवं श्री रोनित वीर सिंह पुत्र श्री अजय वीर सिंह फर्म का संचालन अपनी-अपनी साझेदारी प्रतिशत के आधार पर करेंगे जिसकी सूचना दी जा रही है।

साझेदार,
राहुल वीर सिंह,
साझेदार
वीर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स
म0न0–509/19, पुराना हैदराबाद,
निकट–काला कांकर, भवन, जिला–लखनऊ

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म-मेसर्स कोहली ब्रदर्स, पता-चारबाग, निकट सुदर्शन टाकीज, लखनऊ–226004, पंजीयन संख्या 197865, में एक साझेदार श्री नरेन्द्र सिंह कोहली पुत्र श्री इन्दर सिंह कोहली, निवासी–1बी, सिंगार नगर, लखनऊ का आकस्मिक निधन दिनांक 10 जुलाई, 2020 को हो गया। उक्त फर्म में एक साझेदार का पद दिनांक 10 जुलाई, 2020 से रिक्त होने के कारण श्री तरविंदर सिंह कोहली पुत्र स्व0 श्री रविंदर सिंह कोहली, निवासी-1बी, सिंगार नगर, लखनऊ दिनांक 11 जुलाई, 2020 से उक्त फर्म मं स्वेच्छा से सम्मिलित हो रहे हैं, जिसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

एतद्द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा स्वयं पूर्ण की गयी है।

ओंकार सिंह कोहली
साझेदार
फर्म मेसर्स कोहली ब्रदर्स,
पता–चारबाग, निकट सुदर्शन टाकीज,
लखनऊ–226004

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म-मेसर्स सूर्या इन्फ्रा डेवलपर्स, पता 13/20, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016, पंजीयन संख्या LUC/0002986, में दिनांक 12 अक्टूबर, 2018 से तीन साझेदार श्रीमती मंजू अग्रवाल पुत्री श्री अनन्त राम मित्तल, श्री मोहित पाण्डेय पुत्र श्री लाल चन्द्र पाण्डेय व प्रशान्त कुमार सिंह पुत्र श्री शोभ नाथ सिंह दिनांक 12 अक्टूबर, 2018 से उक्त फर्म में स्वेच्छा से सम्मिलित हो रहे हैं।, जिसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

एतद्द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा स्वयं पूर्ण की गयी है

अशोक कुमार अग्रवाल,
साझेदार,
फर्म-मेसर्स सूर्या इन्फ्र डेवलपर्स,
पता-13/20, इन्दिरा नगर,
लखनऊ-226016।

सूचना

सूचित है कि हमारी फर्म सैनिक सर्विस स्टेशन 90, सिविल लाइन्स बरेली, उ0प्र0 पंजी0 संख्या बी-11649, दिनांक 31 मई, 2008 में दिनांक 22 जुलाई, 2019 तक तीन पार्टनर आर0के0 कपूर, अतुल गंगवार व जी0एस0 बडौला थें दिनांक 22 जुलाई, 2019 को जी0एस0 बडौला व दिनांक 27 मई, 2021 को अतुल गंगवार का देहान्त हो जाने की वजह से नई डीड के अनुसार आर0के0 कपूर एवं बरखा गंगवार पार्टनर होंगे अब फर्म का उनसे एवं उनका फर्म से कोई लेना-देना नहीं है।

रनवीर कुमार कपूर,
साझेदार,
सैनिक सर्विस स्टेशन,
90, सिविल लाइन्स,
बरेली, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स हिन्दुस्तान इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रियल एरिया बस्ती, जनपद बस्ती, उ0प्र0 नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 02 मई, 2019 से श्री विनोद कुमार चौधरी, श्री कबीन्द्र चौधरी, श्री सौरभ चोधरी एवं श्रीमती मोनिका चौधरी, जी साझेदार थे। उक्त फर्म कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स, गोरखपुर में पंजीकरण संख्या जी-3139 पर पंजीकृत है। उक्त फर्म में साझेदार डीड दिनांक 07 अप्रैल, 2021 से श्रीमती मोनिका चौधरी जी उक्त फर्म से रिटायर्ड हो चुकी हैं तथा दिनांक 07 अप्रैल, 2021 से श्री अरविन्द कुमार चौधरी जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हो चुके हैं, किसी का कोई लेन देन बकाया नहीं है।

विनोद कुमार चौधरी,
साझेदार,
मेसर्स हिन्दुस्तान इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रियल एरिया,
जनपद बस्ती, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मधु ओमर पुत्री बुद्धू लाल ओमर व मधुलिका ओमर, पुत्री श्री बुद्धू लाल ओमर दोनों नाम एक ही महिला के ही हैं। भविष्य में मुझे मधुलिका ओमर, पुत्री श्री बुद्धू लाल ओमर, निवासिनी फ्लैट नं0 604, संगीता अपार्टमेन्ट 14/59-ए सिविल लाइन्स, कानपुर नगर-208001 के नाम से जाना व पहचाना जाये।

मधुलिका ओमर,
पुत्री श्री बुद्धू लाल ओमर,
निवासिनी फ्लैट नं0–604,
14/59-ए, सिविल लाइन्स,
कानपुर नगर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने फर्म मेसर्स एस0पी0 एसोसिएट, 76ए/4बी, चक मुण्डेरा, प्रयागराज पार्टनर शिव प्रकाश सिंह को उक्त पाट्नरशिप डीड नं0 AZ007254 से सेवामुक्त कर रहा हूं, जिसमें शिव प्रकाश सिंह को कोई आपत्ति नहीं है, न ही फर्म से जुड़े किसी अन्य सदस्य को है तथा उनके स्थान पर बीना सिंह पत्नी धर्मेन्द्र सिंह को पार्टनर नियुक्त करता हूं।

पार्टनर,
मे0 एस0पी0 एसोसिएट।

पी0एस0यू0पी0–42 हिन्दी गजट–भाग 8–2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।